वर्ष : 33 | अंक : 338 | पृष्ठ : 8 | मुंबई, रविवार, 23 फरवरी 2025 | RNI: MAHHIN/49994/91 | मूल्य : 3 रुपए | epaper.dobajedopahar.com | संपादक : अरुण लाल




DBD दो बजे दोपहर
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है

## वनडे क्रिकेट में भारत-पाकिस्तान H2H

| कुल मैच | भारत जीता | पाकिस्तान जीता | टाई | बेनतीजा |
|---|---|---|---|---|
| 135 | 57 | 73 | 0 | 5 |

# रोहित ब्रिगेड जड़ेगी जीत की हैट्रिक या पाकिस्तान मारेगा बाजी?



## गत चैंपियन पाकिस्तान हारते ही टूर्नामेंट से होगा बाहर

## चैंपियंस ट्रॉफी का महामुकाबला

एजेंसी | दुबई

भारत-पाकिस्तान का हाइप्रोफाइल मुकाबला चैंपियंस ट्रॉफी में रविवार को है। यह मुकाबला दोपहर 2:30 पर शुरू होगा। दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में होने वाले इस मुकाबले के लिए भारत के लिए एक आंकड़ा शानदार और दिल को सुकून देने वाला है। इस मैदान पर टीम इंडिया दो बार पाकिस्तान के खिलाफ ODI (वनडे इंटरनेशनल) फॉर्मेट में खेली है। दोनों ही बार टीम इंडिया को विजय मिली है। अब भारत के पास इस मैदान पर पाकिस्तानी टीम के खिलाफ जीत की हैट्रिक लगाने का मौका है। भारत और पाकिस्तान दोनों टीमें पहले चैंपियंस ट्रॉफी जीती हैं। पाकिस्तान ने 2017 में टूर्नामेंट का पिछला संस्करण जीतकर मौजूदा चैंपियन का खिताब हासिल किया था, जबकि भारत ने 2002 और 2013 में दो बार यह ट्रॉफी अपने नाम की। मेन इन ब्लू इस मुकाबले में ग्रुप A के अपने पहले मैच में बांग्लादेश पर छह विकेट से जीत के साथ प्रवेश कर रहा है।

### भारतीय टीम के प्लेइंग इलेवन में बदलाव की संभावना कम

जिस तरह से भारतीय टीम ने बांग्लादेश के खिलाफ प्रदर्शन किया, पाकिस्तान के खिलाफ भी प्लेइंग इलेवन में बदलाव की संभावना कम है. ओपनर की भूमिका में गिल फिट बैठे. बुमराह की कमी को शमी में खलने नहीं दी. दूसरे विकेटकीपर रिषभ पंत की पाकिस्तान के खिलाफ टीम में जगह बनती नहीं दिखायी दे रही है. बांग्लादेश के खिलाफ विकेटकीपर केएल राहुल ने नाबाद 41 रन बनाये.

### दुबई में पाकिस्तान को दो बार हरा चुका है भारत

इस मैदान में भारत का रिकॉर्ड भी शानदार है. दुबई में भारतीय टीम एक भी वनडे मैच हारी नहीं है. यह आंकड़े पाकिस्तान समेत बाकी टीमों के लिए भी सिरदर्द बढ़ा सकते हैं. दुबई में भारत ने सात वनडे मैच खेले हैं, छह में जीत दर्ज की है. अफगानिस्तान से मुकाबला टाइ रहा था. इस मैदान पर भारतीय टीम ने वनडे में बांग्लादेश को तीन और पाकिस्तान को दो बार हराया है.

### भारत के खिलाफ जीत दर्ज करनी होगी

चैंपियंस ट्रॉफी में न्यूजीलैंड से पहला मैच हारने के बाद अब पाकिस्तान टीम को भारत के खिलाफ जीत दर्ज करनी होगी। पाकिस्तान के लिए यह मुकाबला एक तरह से करो या मरो जैसा होगा। क्योंकि अगर वो भारतीय टीम से हारते हैं तो उनके लिए टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंचना बेहद मुश्किल हो जाएगा। पाकिस्तानी टीम यदि हारती है तो उसका चैंपियंस ट्रॉफी सेमीफाइनल में पहुंचने का सपना क्षीण हो जाएगा।

### पाकिस्तान के खिलाफ रोहित और कोहली का रहा है जलवा

रोहित शर्मा ने 873 रन बनाये हैं पाकिस्तान के खिलाफ 19 वनडे में सर्वश्रेष्ठ स्कोर 140 रन रहा है .विराट ने 678 रन बनाये हैं. तीन शतक और दो अर्धशतक भी लगाये हैं.



## 45 दिनों में 299 अवैध बांग्लादेशी गिरफ्तार



राजेश जायसवाल | मुंबई

मुंबई पुलिस ने शहर के विभिन्न इलाकों में छापा मारकर पिछले 45 दिनों में 299 बांग्लादेश के नागरिकों को गिरफ्तार किया है। इससे पहले भी हर साल करीब 150-160 अवैध बांग्लादेशी नागरिकों पर कार्रवाई की जाती रही है। मुंबई के संयुक्त पुलिस आयुक्त (कानून और व्यवस्था) सत्यनारायण चौधरी ने शनिवार को बताया कि पिछले 45 दिनों में, हमने 299 बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है, जो अब तक की सबसे अधिक संख्या है। पिछले वर्षों में लगभग 150-160 बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया था, जो भारत में अवैध रूप से रह रहे थे। इनमें से अधिकांश आरोपी विभिन्न सीमा मार्गों से देश में दाखिल हुए। हमने मुंबई के सभी पुलिस स्टेशनों को बिना वैध पासपोर्ट और वीजा के रहने वाले अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।

# महाराष्ट्र को शाह का तोहफा

## शाह ने पीएम आवास योजना के 10 लाख लाभार्थियों को ऑनलाइन दी पहली किश्त

- सोलर सब्सिडी का किया ऐलान

धीरज सिंह | पुणे

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह शनिवार को शहर में अलग-अलग कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने बालेवाड़ी श्री छत्रपति क्रीड़ा संकुल में आयोजित प्रधानमंत्री आवास योजना – 2 ग्रामीण के 10 लाख लाभार्थी को योजना की पहली किश्त का ऑनलाइन वितरण किया। इस मौके पर बात करते हुए अमित शाह ने केंद्रीय सरकार की योजनाओं की जानकारी लोगों को दी। गृह मंत्री ने पिछले 10 सालों में पीएम नरेंद्र मोदी द्वारा किए गए कामों को गिनाया। गृह मंत्री ने कहा कि हाल ही में हुए महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में लोगों ने महायुति को भारी बहुमत से जिताया है। इसके लिए उन्होंने महाराष्ट्र के लोगों का आभार माना है।



### सब्सिडी में 50 हजार रुपए की बढ़ोतरी- सीएम फडणवीस

20 लाख लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र और 10 लाख लोगों को पहली किस्त वितरित किए जाने के इस दिन को ऐतिहासिक बताते हुए मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा कि 15 दिनों के भीतर शेष दस लाख लाभार्थियों के बैंक खातों में पहली किस्त जमा कर दी जाएगी। इस योजना के तहत राज्य सरकार विभिन्न योजनाओं के माध्यम से 1 लाख 60 हजार रुपये की सब्सिडी प्रदान कर रही है। घोषणा की गई कि इसमें 50 हजार रुपए की वृद्धि की जाएगी।

### केंद्र और राज्य सरकार महाराष्ट्र के विकास के लिए कर रही काम

अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महाराष्ट्र में बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए पर्याप्त प्रावधान किए हैं। राज्य की महायुति सरकार ने वास्तव में उन सभी योजनाओं को लागू किया है और उनके लिए अपनी धनराशि भी आवंटित की है। इसमें सिंचाई परियोजनाएं, नदी पुल, वंदे भारत रेलवे, 128 रेलवे स्टेशनों का पुनर्निर्माण, पुणे-नागपुर-मुंबई मेट्रो नेटवर्क का निर्माण, नए हवाई अड्डों का निर्माण, 13,000 करोड़ रुपये की लागत से तटीय सड़क का निर्माण, वाशी पुल का विस्तार पूरा होना, महाराष्ट्र के सबसे बड़े बंदरगाह का काम चल रहा है, खडकवासला से फुरसुंगी तक 34 किलोमीटर लंबी भूमिगत नहर के काम को मंजूरी, पुणे-कोल्हापुर हवाई अड्डे पर एक नए टर्मिनल का निर्माण आदि शामिल हैं। इनमें बहुत सारी परियोजनाएं और प्रोजेक्ट शामिल हैं। शाह ने कहा कि केंद्र सरकार और राज्य सरकार महाराष्ट्र के विकास के लिए काम कर रही है।

### सहकारी बैंकों के लिए बनाया जाएगा 'क्लिअरींग हाऊस'

प्रत्येक व्यक्ति और परिवार को सहकारिता के माध्यम से देश के विकास से जोड़ा जाना चाहिए। इसके लिए केंद्र सरकार ने सहकारी क्षेत्र के लिए अच्छे फैसले लिए हैं। इसके तहत एक अम्ब्रेला संगठन की स्थापना की गई है। अगले दो साल के भीतर सहकारी बैंकों के लिए एक राष्ट्रीय 'क्लिअरींग हाऊस' स्थापित किया जाएगा, यह जानकारी केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने दी है।

जनता सहकारी बैंक के अमृत महोत्सव का समापन समारोह शाह की उपस्थिति में आयोजित किया गया। उस वक्त वो बोल रहे थे। जनता सहकारी बैंक की नींव रखने वाले मोरोपंत पिंगले के कार्यों का उल्लेख करते हुए शाह ने कहा, "यदि निदेशक मंडल और सदस्य एक उद्देश्य के साथ काम करते हैं, तो कोई भी संस्था लगातार 75 साल तक अच्छी तरह से चल सकती है, जैसा कि जनता सहकारी बैंक की यात्रा से देखा जा सकता है।"

## आस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड को पांच विकेट से हराया



| इंग्लैंड | | | आस्ट्रेलिया | |
|---|---|---|---|---|
| बेन डकेट | 165 रन | 351/8 (50 ओवर) | जोस इंग्लिस | 120* रन |
| बेन ड्वार्शुइस | 3 विकेट | 356/5 (47.3 ओवर) | लियाम लिविंगस्टोन | 1 विकेट |

एजेंसी | लाहौर

ऑस्ट्रेलिया ने आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में विजयी आगाज किया है। ऑस्ट्रेलिया ने शनिवार को इंग्लैंड के खिलाफ ऐतिहासिक टारगेट चेज करते हुए 5 विकेट से विजयी परचम फहराया। यह मैच लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में खेला गया। इंग्लैंड ने 8 विकेट पर 351 रन बनाए। जवाब में ऑस्ट्रेलिया ने 47.3 ओवरों में पांच विकेट गंवाकर 356 रन जुटाए। ऑस्ट्रेलिया ने चैंपियंस ट्रॉफी में ना सिर्फ सबसे बड़ा लक्ष्य हासिल किया बल्कि सबसे बड़ा स्कोर बनाया। विकेटकीपर जोश इंग्लिस ने इंग्लैंड के परखच्चे उड़ाए। उन्होंने 88 गेंदों में 8 चौकों और 6 छक्कों के दम पर नाबाद 120 रन बनाए। यह उनका पहला वनडे शतक है।

## केंद्र सरकार और किसानों की वार्ता

# छठे दौर की बैठक रही बेनतीजा



एजेंसी | नई दिल्ली

फसलों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) समेत कई मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे किसानों के प्रतिनिधिमंडल और केंद्र सरकार के बीच शनिवार को चंडीगढ़ में हुई छठे दौर की बैठक भी बेनतीजा रही। बैठक करीब ढाई घंटे चली, लेकिन इसमें कोई समाधान नहीं निकला। अब अगली बैठक 19 मार्च को होगी।

### डल्लेवाल बोले- अनशन खत्म नहीं होगा

बैठक के बाद केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि बैठक अच्छे माहौल में हुई। कुछ आंकड़े मांगे गए हैं। किसानों के पास अपने आंकड़े हैं और केंद्र सरकार के पास अपना डेटा है। दोनों आंकड़ों को मिलाया जाएगा। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, प्रह्लाद जोशी और पीयूष गोयल ने किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल से अनशन खत्म करने की अपील की। डल्लेवाल ने उनसे कहा कि जब तक सभी फसलों पर एमएसपी की गारंटी नहीं मिलती अनशन खत्म नहीं होगा।

# जेल नहीं जाना चाहते मंत्री कोकाटे

सजा टालने माणिकराव की जद्दोजहद शुरू, अब सत्र न्यायालय को देंगे चुनौती



मुनीब चौरसिया | मुंबई

कृषि मंत्री एड. माणिकराव कोकाटे सोमवार को सत्र न्यायालय में अपील दायर करेंगे, जिसमें जाली दस्तावेजों का उपयोग करके निम्न आय वर्ग के लिए सरकारी क्वार्टरों के आवंटन से संबंधित मामले में उन्हें सुनाई गई सजा पर रोक लगाने की मांग की जाएगी। न्यायालय ने प्रशासन को आदेश दिया था कि वह न्यायालय का फैसला आने के बाद कोकाटे के 4 क्वार्टरों को कोर्ट अपने कब्जे में ले लेगी और अपील की अवधि समाप्त हो जाए। महाराष्ट्र के कृषि मंत्री माणिकराव कोकाटे को निम्न आय वर्ग के लिए आरक्षित कोटे के तहत फ्लैट हासिल करने के लिए सरकार से धोखाधड़ी करने के आरोप में 2 साल की जेल और 50 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है। कोकाटे ने अपने भाई सुनील के साथ मिलकर नासिक के एक आलीशान इलाके में 2 फ्लैट हासिल करने के लिए अपनी आय 30 हजार रुपये से कम होने का दावा करते हुए झूठे दस्तावेज जमा किए थे।

### मंत्री माणिकराव कोकाटे पर फैसला जल्द

महाराष्ट्र विधानसभा के अध्यक्ष राहुल नार्वेकर ने शनिवार को कहा कि राज्य के कृषि मंत्री माणिकराव कोकाटे पर कानून सम्मत कार्रवाई की जाएगी। इसकी प्रक्रिया भी शुरू कर दी गयी है। विधानसभा किसी को बचाने का प्रयास किसी भी कीमत पर नहीं करेगी। इस विषय पर जल्द निर्णय लिया जाएगा।

## पीएमओ में आरबीआई के पूर्व गवर्नर

# शक्तिकांत दास बने PM मोदी के प्रधान सचिव-2

- 6 साल रिजर्व बैंक के गवर्नर रहे, दिसंबर में रिटायर हुए

एजेंसी | नई दिल्ली

1 अप्रैल 2024 को मुंबई में RBI के 90 साल पूरे होने के अवसर पर आयोजित एक समारोह के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने स्मृति चिन्ह भेंट किया था। रिजर्व बैंक (RBI) के पूर्व गवर्नर शक्तिकांत दास को प्रधानमंत्री मोदी का प्रिंसिपल सेक्रेटरी-2 नियुक्त किया गया है। कैबिनेट की अपॉइंटमेंट कमेटी ने शनिवार को यह नियुक्ति की है। कमेटी के सेक्रेटरी मनीष सक्सेना ने नियुक्ति की जानकारी दी। शक्तिकांत दास RBI गवर्नर के पद से 10 दिसंबर को रिटायर हुए थे। 22 फरवरी को उन्हें PM का प्रिंसिपल सेक्रेटरी नियुक्त किया गया है। यानी रिटायरमेंट से नियुक्ति के 75वें दिन ही वे प्रधानमंत्री कार्यालय (PMO) में अहम पद पर पहुंच गए। फिलहाल पीके मिश्रा प्रधानमंत्री मोदी के प्रिंसिपल सेक्रेटरी के नंबर वन पॉजिशन पर हैं। शक्तिकांत दास नंबर 2 होंगे। दास तमिलनाडु कैडर के 1980 बैच के IAS अधिकारी रह चुके हैं। वहीं मिश्रा गुजरात कैडर के रिटायर अधिकारी हैं। दास भारतीय रिजर्व बैंक के 25वें गवर्नर के अलावा भारत के जी20 शेरपा और 15वें वित्त आयोग के सदस्य के रूप में भी काम कर चुके हैं। उन्होंने अपने 42 साल के करियर में वित्त, निवेश और बुनियादी ढांचे के क्षेत्रों में काम किया है।



### 1980 बैच के IAS अधिकारी हैं शक्तिकांत दास

शक्तिकांत दास 1980 बैच के सिविल सेवा अधिकारी (IAS) अधिकारी हैं। वे तमिलनाडु कैडर के अधिकारी हैं। 2017 मई तक वे इकोनॉमिक अफेयर्स के सेक्रेटरी थे। वे देश के 25वें गवर्नर बने थे। नवंबर 2016 में जब नोटबंदी हुई थी, तब भी दास ही मुख्य मोर्चे पर थे। दास विभिन्न पदों पर रहे हैं। उन्होंने 15वें फाइनेंस कमीशन में भी सदस्य के रूप में काम किया था। भारत की ओर से ब्रिक्स, इंटरनेशनल मॉनेटरी फंड और सार्क (SAARC) में प्रतिनिधित्व किया है। वे दिल्ली के स्टीफन कॉलेज से पोस्ट ग्रेजुएट हैं।

### दास की तरफ से किए गए अहम काम...

- **लगातार दो बार दुनिया के टॉप-बैंकर चुने गए**
  शक्तिकांत दास 2023 और 2024 में लगातार दो बार दुनिया के टॉप सेंट्रल बैंकर चुने गए। शक्तिकांत दास को सेंट्रल बैंक रिपोर्ट कार्ड 2023 और 2024 में A+ ग्रेड मिला। यह अवॉर्ड अमेरिका के वॉशिंगटन D.C. में ग्लोबल फाइनेंस देती है। शक्तिकांत दास को महंगाई पर कंट्रोल, इकोनॉमिक ग्रोथ, करेंसी में स्टेबिलिटी और ब्याज दरों पर नियंत्रण के लिए यह सम्मान दिया गया।
- **कोरोना महामारी और युद्ध के बीच इकोनॉमी को स्टेबल रखा**
  RBI गवर्नर के तौर पर दास ने भारत और दुनिया के लिए सबसे अस्थिर दौर कोरोना महामारी, रूस-यूक्रेन युद्ध और इजराइल-हमास संघर्ष जैसे संकटों में भारतीय अर्थव्यवस्था को स्थिर बनाए रखने में अहम भूमिका निभाई। कोरोना के दौरान दास के नेतृत्व में RBI ने लिक्विडिटी और एसेट क्वालिटी को बनाए रखने के लिए नए और पुराने आर्थिक नीतियों और उपायों को लागू किया।
- **यस बैंक और लक्ष्मी विलास बैंक को कोलैप्स होने से बचाया**
  दास ने जिन चुनौतियों का सफलतापूर्वक सामना किया, उनमें IL&FS संकट शामिल था। इसके चलते नॉन-बैंकिंग फाइनेंस कंपनियों (NBFC) को काफी नुकसान हुआ था। उन्होंने यस बैंक और लक्ष्मी विलास बैंक को कोलैप्स होने से बचाया।
- **ग्रोथ को बढ़ावा देने के लिए रेपो रेट में जरूरी बदलाव किया**
  2018 में जब दास ने कार्यभार संभाला था तब रेपो रेट 6.50% पर थी। उनके नेतृत्व में RBI ने इकोनॉमिक ग्रोथ को बढ़ावा देने के लिए इसे घटाकर 4% पर ला दिया। बाद में महंगाई को कंट्रोल करने के लिए इसे फिर से बढ़ाकर 6.50% कर दिया।
- **बैंकों का NPA घटाने और मुनाफा बढ़ाने में योगदान**
  दास के कार्यकाल के दौरान देश के लिस्टेड बैंको का नॉन-परफॉर्मिंग एसेट यानी NPA सितंबर 2024 तक 2.59% के निचले स्तर पर आ गया, जबकि दिसंबर 2018 में यह 10.38% था। इस दौरान बैंकों की प्रॉफिटेबिलिटी में भी उछाल आया और बैंकों ने वित्त वर्ष 2023 में 2.63 लाख करोड़ रुपए का मुनाफा दर्ज किया, जबकि वित्त वर्ष 2018 में बैंकों को 32,400 करोड़ रुपए का घाटा हुआ था।

DBD दो बजे दोपहर
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है



# अवैध निर्माण को लेकर कोर्ट सख्त, मनपा को दिए कड़े निर्देश

**सहायक आयुक्त को कार्रवाई में लापरवाही न बरतने के आदेश**

डीबीडी संवाददाता | ठाणे

नगर निगम क्षेत्र में अवैध निर्माण कार्यों को लेकर कोर्ट ने सख्त रुख अपनाया है। ठाणे मनपा आयुक्त सौरभ राव ने स्पष्ट निर्देश जारी किए कि सभी अवैध निर्माणों को जल्द से जल्द ध्वस्त किया जाए। उन्होंने कहा कि कोई भी बहाना स्वीकार नहीं किया जाएगा, चाहे वह पुलिस बंदोबस्त की कमी हो, स्थानीय लोगों का विरोध हो या किसी तरह का दबाव।

### मनपा के अधिकारियों की बैठक में लिया गया अहम फैसला



इस मुद्दे पर मनपा मुख्यालय में हुई बैठक में अतिरिक्त आयुक्त प्रशांत रोडे, सहायक संचालक नगर रचना संग्राम कानडे, विधी अधिकारी मकरंद काले, उपायुक्त मनीष जोशी, शंकर पाटोले, दिनेश तायडे और अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। सभी सहायक आयुक्तों को निर्देश दिया गया कि वे खुद मौके पर जाकर कार्रवाई की निगरानी करें।

### 769 अवैध निर्माणों पर कार्रवाई के आदेश

ठाणे मनपा क्षेत्र में कुल 769 अवैध निर्माण चिन्हित किए गए हैं, जिनमें से 663 को बीट निरीक्षकों द्वारा बीट डायरी में दर्ज किया गया है। आयुक्त ने कहा कि कंक्रीट और अर्ध-कंक्रीट सभी अवैध निर्माणों को तुरंत गिराया जाए।

**लापरवाही पर होगी सख्त कार्रवाई**

आयुक्त सौरभ राव ने स्पष्ट चेतावनी दी कि किसी भी सहायक आयुक्त ने अपने कार्य में लापरवाही बरती तो उस पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि इस पद पर बने रहना है तो निष्पक्षता से काम करना होगा।

**आरटीआई कार्यकर्ता ने उठाए सवाल**

आरटीआई कार्यकर्ता अजय जया ने सुझाव दिया कि जिन अधिकारियों के कार्यकाल में अवैध निर्माण हुआ है, उन पर भी कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने आशंका जताई कि इतनी बड़ी संख्या में निर्माण तोड़ना मुश्किल होगा और कई मामलों में कोर्ट से स्टे मिलने की संभावना है। मनपा प्रशासन अब इस कार्रवाई को जल्द से जल्द पूरा करने की रणनीति बना रहा है ताकि कोर्ट के आदेशों का पालन किया जा सके और अवैध निर्माण पर पूरी तरह से रोक लगाई जा सके।

# वन मंत्री गणेश नाईक के जनता दरबार से पहले 150 से ज्यादा शिकायतें दर्ज

**पहले ही दिन हाउसफुल होने की संभावना, जनता में उत्साह**

डीबीडी संवाददाता | ठाणे

राज्य के वन मंत्री और ठाणे जिला भाजपा संपर्क मंत्री गणेश नाईक के सोमवार को आयोजित होने वाले जनता दरबार से पहले ही 150 से अधिक शिकायतें दर्ज हो चुकी हैं। इनमें राजस्व, अतिक्रमण, अनधिकृत निर्माण और अन्य नागरिक मुद्दों से संबंधित शिकायतें शामिल हैं।

### 10 साल बाद फिर सजेगा गणेश नाईक का दरबार



गणेश नाईक करीब 10 साल बाद जनता दरबार का आयोजन कर रहे हैं, जिससे ठाणे के राजनीतिक गलियारों में हलचल तेज हो गई है। कुछ दिन पहले ठाणे के कोपरी इलाके में आयोजित एक नागरिक अभिनंदन कार्यक्रम में मंत्री ने हर दो महीने में जनता दरबार लगाने की घोषणा की थी। इसी के तहत 24 फरवरी, सोमवार को खारकर अली स्थित रघुवंशी हॉल में जनता दरबार लगाया जा रहा है। शनिवार को पूर्व सांसद और भाजपा नेता संजीव नाईक ने हॉल का निरीक्षण किया ताकि जनता को किसी भी तरह की असुविधा न हो। इस दौरान वन विभाग, पुलिस, राजस्व और नगर निगम के अधिकारी भी मौजूद रहे।

### जनता दरबार को लेकर लोगों में उत्साह

चूंकि लंबे समय बाद यह दरबार आयोजित किया जा रहा है, इसलिए जनता में भारी उत्साह देखा जा रहा है। अनुमान है कि इस दरबार में बड़ी संख्या में लोग अपनी शिकायतें लेकर आएंगे और मंत्री गणेश नाईक से समाधान की उम्मीद करेंगे। अब देखना यह है कि इस जनता दरबार से कितनी समस्याओं का समाधान हो पाता है और जनता की उम्मीदों पर मंत्री नाईक कितने खरे उतरते हैं।

### क्या होंगी प्रमुख समस्याएं?

जनता दरबार में आने वाली शिकायतों में मुख्य रूप से अतिक्रमण, नगर निगम से जुड़ी समस्याएं, अनधिकृत निर्माण, राजस्व विभाग से संबंधित मामले और वन विभाग से जुड़ी समस्याएं प्रमुख रूप से शामिल हैं।

## खबर संक्षेप

### नाबालिग के यौन उत्पीड़न में तीन साल की जेल

डीबीडी संवाददाता | ठाणे



ठाणे की एक अदालत ने नाबालिग लड़की का यौन उत्पीड़न करने के दोषी व्यक्ति को तीन साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। विशेष न्यायाधीश डीएस देशमुख ने शुक्रवार को आरोपी को दोषी ठहराते हुए 20 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया। विशेष सरकारी वकील रेखा हिवराले ने अदालत को बताया, पीड़िता और आरोपी एक ही इलाके के निवासी थे। 14 जनवरी 2014 की शाम को आरोपी पीड़िता को (जो उस समय 16 वर्ष की थी) अपने घर ले गया, जहां उसने उसे अनुचित तरीके से छुआ। न्यायाधीश ने कहा कि अभियोजन पक्ष ने आरोपी के खिलाफ सभी आरोपों को सफलतापूर्वक साबित कर दिया है, इसलिए उसे दोषी ठहराए जाने और सजा सुनाए जाने की आवश्यकता है।

### मवेशियों के अवैध परिवहन में दो पर मामला दर्ज

डीबीडी संवाददाता | पालघर

महाराष्ट्र के पालघर जिले में मवेशियों को कथित तौर पर एक टेंपो में ठूंसकर ले जाने और बिना परमिट परिवहन करने के आरोप में दो लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। एक अधिकारी ने शनिवार को बताया कि पुलिस ने मंगलवार देर रात मुंबई-अहमदाबाद राजमार्ग पर एक टेंपो को रोका, जिसमें 14 मवेशी ले जाए जा रहे थे। वाहन में सवार दो व्यक्तियों के पास मवेशियों को ले जाने का कोई परमिट नहीं था तथा उन्होंने चारे और पानी की व्यवस्था भी नहीं की थी। पुलिस टीम ने वाहन और मवेशियों को जब्त कर लिया है।

### युवती के यौन उत्पीड़न में तीन पर मामला दर्ज

डीबीडी संवाददाता | ठाणे



महाराष्ट्र के ठाणे जिले में 19 वर्षीय युवती का यौन उत्पीड़न करने के आरोप में तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने शनिवार को बताया कि शिकायत के आधार पर एक महिला सहित तीन आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। तीनों आरोपियों का महिला के साथ विवाद था और वे बुधवार सुबह डोंबिवली शहर में उसके घर पहुंचे। उनमें से एक ने उसे कथित तौर पर पीछे से पकड़ लिया, जबकि दूसरे ने उसे गलत तरीके से छुआ और अपशब्द कहा। मामले में कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है तथा जांच जारी है।

# व्हाट्सएप पर युवती को बदनाम करना पड़ा भारी

**तीन के खिलाफ मामला दर्ज**

डीबीडी संवाददाता | भिवंडी

सोशल मीडिया पर एक युवती को बदनाम करने के मामले में व्हाट्सएप ग्रुप के तीन सदस्यों के खिलाफ शांति नगर पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है।



### जांच जारी

इस गंभीर अपराध की जांच पुलिस इंस्पेक्टर अतुल अदुरकर कर रहे हैं। पुलिस मामले की गहन पड़ताल कर रही है और सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक सामग्री पोस्ट करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा सकती है।

### क्या है मामला?

पुलिस के अनुसार, शांतिनगर इलाके के गैबीनगर में 'हमारी दोस्ती' नाम से एक व्हाट्सएप ग्रुप संचालित था, जो 31 अक्टूबर से 2 दिसंबर 2014 तक सक्रिय था। पीड़िता की शिकायत के अनुसार, ग्रुप एडमिन याकूब मलिक, मुजम्मिल रहमान अंसारी, हाशिम खान और अन्य ने उसकी छवि खराब करने के इरादे से अपमानजनक वीडियो और अश्लील संदेश साझा किए। यही नहीं, इस आपत्तिजनक सामग्री को इंस्टाग्राम पर भी वायरल किया गया, जिससे पीड़िता मानसिक तनाव में आ गई।

### कोर्ट के आदेश के बाद मामला दर्ज

मानसिक प्रताड़ना से परेशान होकर पीड़िता ने भिवंडी सिविल कोर्ट में आवेदन दायर किया। कोर्ट ने बीएनएसएस धारा 175(3) के तहत आदेश पारित किया। इसके आधार पर, शांति नगर पुलिस स्टेशन में आरोपियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 294 और आईटी एक्ट की धारा 66ई, 67, 67(ए) के तहत मामला दर्ज किया गया।

# विवाहिता से गैंगरेप, पुलिस की दबिश जारी

## 6 आरोपियों ने दिया घिनौनी वारदात को अंजाम, एक गिरफ्तार

डीबीडी संवाददाता | भिवंडी

शहर के नागांव और फातिमानगर इलाके में एक 22 वर्षीय विवाहिता के साथ सामूहिक दुष्कर्म की सनसनीखेज घटना सामने आई है। पीड़िता अपने बीमार भाई को अस्पताल ले जाने के लिए निकली थी, तभी 6 आरोपियों ने उसे जबरन अगवा कर दो बार गैंगरेप किया।

### एक आरोपी गिरफ्तार, 5 की तलाश जारी

घटना की जानकारी मिलते ही पीड़िता ने शांतिनगर पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए 6 आरोपियों – सदरे आलम उर्फ मोहम्मद सईद आलम, पाशा, लड्डू, गोलू और उनके 2 अन्य साथियों के खिलाफ मामला दर्ज किया। इनमें से एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि अन्य पांच आरोपियों की तलाश जारी है।

### घटना का विवरण



पीड़िता के अनुसार, वह रात में अपने चाचा के घर पर थी, जब उसके भाई की तबीयत बिगड़ गई। भाई के कई बार फोन करने के बाद, वह एक परिचित के साथ उसे अस्पताल ले जाने के लिए निकली। इसी दौरान 6 आरोपियों ने रिक्शा रोककर पीड़िता के भाई और रिक्शा चालक को बुरी तरह पीटा और उसे जबरन उठा लिया। इसके बाद उसे नागांव इलाके के नवजीवन इंग्लिश स्कूल के पीछे झाड़ियों में ले जाकर सामूहिक दुष्कर्म किया गया। इसके बाद भी आरोपियों की दरिंदगी रुकी नहीं, फातिमानगर इलाके में एक बोलेरो पिकअप में ले जाकर उसके साथ फिर से दोबारा सामूहिक दुष्कर्म किया गया।

### शहर में आक्रोश, पुलिस का सर्च ऑपरेशन जारी

इस घिनौनी वारदात से शहर में भारी आक्रोश है। पुलिस अधिकारी सपोनी सुरेश चोपड़े ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष टीम गठित की गई है। मामले की जांच बी एन एस की धारा 64(2)(3), 70(1), 3(5), 115(2) के तहत की जा रही है। पुलिस जल्द से जल्द बाकी आरोपियों को गिरफ्तार करने की कोशिश में जुटी हुई है, ताकि पीड़िता को न्याय मिल सके और शहर में कानून-व्यवस्था बनी रहे।

### बुजुर्ग व्यक्ति से 30 हजार रुपये ठगे



**ठाणे।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में एक अज्ञात व्यक्ति ने 75 वर्षीय बुजुर्ग से 30,000 रुपये ठग लिए। पुलिस अधिकारी के अनुसार, घटना बृहस्पतिवार सुबह डोंबिवली शहर में हुई। पीड़ित ने बैंक से 30,000 रुपये निकाले और घर लौट रहा था, तभी एक अज्ञात व्यक्ति ने उसे रोक लिया। पुलिस अधिकारी के अनुसार, व्यक्ति ने बुजुर्ग से कहा कि उसकी शर्ट पर कुछ गंदगी लगी है और उसे साफ करने की सलाह दी। जैसे ही बुजुर्ग ने अपनी शर्ट उतारी और अपना बैग एक तरफ रखा, आरोपी उसे छीनकर भाग गया। अधिकारी ने बताया कि भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 318(4) (धोखाधड़ी) के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। आरोपी की पहचान के लिए इलाके में लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच कर रही है।

# अनियमितता पर तीन वन अधिकारी निलंबित

डीबीडी संवाददाता | मुंबई/गोंदिया




महाराष्ट्र वन विभाग के तीन अधिकारियों को गोंदिया जिले के तिरोदा तालुका में काम में अनियमितता और एक व्यक्ति को जंगली सूअर द्वारा मारा गया दिखाने के लिए रिकॉर्ड में हेराफेरी करने के आरोप में निलंबित कर दिया गया। कुछ अन्य अधिकारी भी जांच के दायरे में हैं। विभाग ने तिरोदा वन रेंज अधिकारी आरजी मून और सहायक वन परिक्षेत्र अधिकारी शैलेन्द्र पारधी और शकील अब्दुल दुरानी को निलंबित कर दिया। मून, पारधी और दुरानी के तहत पिछले मानसून के दौरान तिरोदा तालुका के वन क्षेत्र में एक नर्सरी वृक्षारोपण किया गया था। अनियमितता की शिकायत पर वन विभाग ने जांच के आदेश दिये थे। जांच में तीनों अधिकारियों को कार्य में अनियमितता का दोषी पाया गया। उन्होंने यह दिखाने के लिए रिकॉर्ड में हेराफेरी की कि सोनेगांव गांव में जंगली सूअर के हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई और सरकारी धन का गबन किया गया। जांच से पता चला कि उस व्यक्ति की मौत पेड़ से गिरने के बाद हुई।

# प्रिय कुत्ते 'मोती' की अचानक मौत से शोक में डूबा भालेराव परिवार

**हिंदू रीति-रिवाज से किया गया अंतिम संस्कार**

**तेरहवीं के बाद ' मोती ' की बनाई जाएगी समाधि**

डीबीडी संवाददाता | कल्याण

भाऊसाहेब भालेराव के प्रिय कुत्ते 'मोती' की शुक्रवार को अचानक मौत हो गई, जिससे भालेराव परिवार शोक में डूब गया है। दिलचस्प बात यह है कि भालेराव परिवार ने मोती का 20वां जन्मदिन 10 मार्च को मनाने की योजना बनाई थी, जन्मदिन समारोह की पूरी तैयारी हो गई, इसके अलावा उन्होंने जन्मदिन के गिफ्ट में मोती के लिए सोने की चैन भी खरीदी थी।

### पालतू कुत्ते के जन्मदिन की तैयारी, गिफ्ट में सोने का चैन बनाए





मिली जानकारी के अनुसार, भाऊसाहब भालेराव और उनका परिवार कल्याण अंबिवली रेलवे लाइन के पास मोहने गांव में रहते हैं। 19 साल पहले, उन्हें इसी इलाके में एक प्यारा सा कुत्ते का बच्चा मिला था और वह उसे घर ले आए थे और बड़े प्यार से उसका नाम ' मोती ' रखा था। तब से लेकर मोती भालेराव परिवार का अभिन्न हिस्सा बन गया था। मोती भालेराव का सबसे अच्छा दोस्त था और हमेशा उनके साथ रहता था। वह मंदिर में बैठने के साथ-साथ दोपहिया वाहन पर भी भालेराव के साथ घूमता था। हर साल मोती का जन्मदिन मनाया जाता था, इस साल भी मोती के जन्मदिन की भव्य तैयारी की गई थी। मोती के निधन के बाद, हिंदू रीति-रिवाज के अनुसार उनका अंतिम संस्कार गालेगांव के दत्त मंदिर इलाके में किया गया।

# बिड़ला महाविद्यालय में पैरामेडिकल छात्रों के लिए राष्ट्रीय संगोष्ठी संपन्न

डीबीडी संवाददाता | कल्याण

बी. के. बिड़ला महाविद्यालय, कल्याण में 'इमरजिंग ट्रेंड्स इन क्लीनिकल लेबोरेटरी मेडिसिन' विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस संगोष्ठी का उद्देश्य पैरामेडिकल छात्रों को नई तकनीकों और खोजों से अवगत कराना था, ताकि वे चिकित्सा क्षेत्र में डॉक्टरों के साथ महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकें।

### उद्घाटन सत्र




राष्ट्रीय संगोष्ठी का उद्घाटन जे. जे. ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल की डीन डॉ. पल्लवी सापले, महाविद्यालय के शिक्षा निदेशक डॉ. नरेश चंद्र और प्राचार्य डॉ. अविनाश पाटील की उपस्थिति में हुआ। इस अवसर पर आई. एम. ए. कल्याण की प्रेसिडेंट डॉ. सुरेखा इटकर, डॉ. विजयलक्ष्मी शिंदे और डॉ. विकास सुरंजे भी उपस्थित रहे। उप प्राचार्या डॉ. मनिंदर धालीवाल ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। आयोजन की संयोजक डॉ. धीरज शेखावत ने आभार व्यक्त किया।

**प्रमुख सत्र और वक्ता:** इन चिकित्सकों में मुख्य रूप से के ई एम हॉस्पिटल के डॉ. श्रीराज तलवडेकर, पारस पैथोलोजी एल एल पी, मुंबई के डॉ. मुंजाल शाह, अजिलस डायग्नोस्टिक के डॉ. शयाज़ अली सिद्दिकी, प्रसिद्ध केंसर चिकित्सक अमित घाणेकर और महाराष्ट्र स्टेट रेडियोलोजिस्ट के प्रेसिडेंट डॉ. प्रशांत पाटील आदि की उपस्थिति रही | इस आयोजन में मुंबई के विविध पैरामेडिकल संस्थानों के 250 से अधिक छात्रों की सहभागिता रही | यह आयोजन महाविद्यालय के उपप्राचार्य डॉ. हरीश दुबे, प्रा. सिमरन गुप्ता, डॉ. शुभांगी राजगुरु, डॉ. किशोर देशाई, डॉ. रघुनाथ पाटील, डॉ. शुभांगी चिटनीस, डॉ. नारायण तोटेवाड़ आदि प्राध्यापकों के विशेष सहयोग से संपन्न हुआ।

# प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत उल्हासनगर में 73 लाभार्थियों को मंजूरी

**विधायक कुमार आयलानी ने सौंपे मंजूरी पत्र, लाभार्थियों के चेहरे खिले**

डीबीडी संवाददाता | उल्हासनगर

प्रधानमंत्री आवास योजना (पीएमएवाई) के दूसरे चरण के तहत उल्हासनगर के ग्रामीण क्षेत्रों म्हारल, वरप और कांबा गांव में 73 जरूरतमंदों को घरों की मंजूरी मिली। शनिवार को आयोजित कार्यक्रम में विधायक कुमार आयलानी ने लाभार्थियों को मंजूरी पत्र सौंपे, जिससे उनके चेहरे खुशी से खिल उठे।

### तीन गांवों में आयोजित हुआ कार्यक्रम




कांबा गांव में 50 लाभार्थियों को मंजूरी पत्र सौंपे गए। वरप गांव में 6 लोगों को लाभ मिला। म्हारल गांव में 17 परिवारों को मंजूरी पत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम में सभी गांवों के सरपंच, उपसरपंच, पूर्व सरपंच और ग्रामीणों की उपस्थिति रही।

### 73 लाभार्थियों को मंजूरी पत्र

उल्हासनगर विधानसभा के ग्रामीण भाग में कुल 73 लाभार्थियों को मंजूरी पत्र दिए गए हैं, जल्द ही सभी लाभार्थियों के पक्के घर होंगे और जो बचे हुए लोग हैं उन्हें भी जल्द ही मंजूरी पत्र मिलेगा ऐसा आमदार कुमार आयलानी ने भरोसा व्यक्त करते हुए कहा। इस मौके पर कांबा गांव के सरपंच हरिदास गणेश सवार, उपसरपंच दत्ता भोईर, पूर्व सरपंच छाया बनकरी, वरप से हनुमंत भोईर,दीपाली भोईर, म्हारल से सरपंच योगेश देशमुख, दीपक आयरे,बेबी सांगले,इनगला ताई इंगले,अजय जाधव,अविनाश सुकरे,अमोल मुरबाडे समेत तमाम ग्रामीण उपस्थित रहे।

### विधायक कुमार आयलानी का संबोधन

मंजूरी पत्र वितरण कार्यक्रम में विधायक कुमार आयलानी ने कहा कि समाज के सबसे निचले तबके के लोग किसी भी प्रकार से वंचित न रहें और उनका जीवन स्तर सुधरे, इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस लगातार प्रयासरत हैं। आज लाभार्थियों के चेहरे पर जो खुशी दिख रही है, वह इस योजना की सफलता का प्रमाण है। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि जल्द ही सभी लाभार्थियों के पक्के घर तैयार होंगे, और जो लोग अभी तक योजना से वंचित हैं, उन्हें भी जल्द ही मंजूरी पत्र दिया जाएगा।

### उपराष्ट्रपति धनखड़ ने किया एलोरा गुफाओं का दौरा



**छत्रपति संभाजीनगर।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर में शनिवार को घृष्णेश्वर मंदिर में पूजा की और एलोरा गुफाओं का दौरा किया। उपराष्ट्रपति डॉ. बाबा साहब आंबेडकर मराठवाड़ा विश्वविद्यालय और सरस्वती भुवन कॉलेज में कार्यक्रमों में भाग लेने छत्रपति संभाजीनगर पहुंचे हैं। एएसआई के अधिकारी ने कहा कि उपराष्ट्रपति ने 12 ज्योतिर्लिंगों में से एक घृष्णेश्वर मंदिर में पूजा-अर्चना की। उन्होंने एलोरा गुफाओं में कैलाश मंदिर (गुफा संख्या 16) का दौरा किया। उपराष्ट्रपति ने 20 से 25 मिनट की अपनी यात्रा के दौरान गुफा में मूर्तियों को ध्यान से देखा और कैलाश गुफा में रामायण पैनल भी देखने गए।

# डोंबिवली में 65 अनाधिकृत इमारतों पर कार्रवाई के खिलाफ सर्वदलीय बैठक...

**बिल्डर निवासियों से वसूल रहे लाखो रुपए, जनमोर्चा का लिया गया फैसला**



डीबीडी संवाददाता | डोंबिवली

महाराष्ट्र के कल्याण ग्रामीण और डोंबिवली में 65 अनधिकृत इमारतों के खिलाफ की गई कार्रवाई के खिलाफ महा विकास सर्वदलीय याचिका सुप्रीम कोर्ट दायर करने सहित आगे के आंदोलन की दिशा तय करने के लिए डोंबिवली के हेरिटेज हॉल में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई थी। इस बैठक में सैकड़ों निवासियों और महाविकास अघाड़ी के सभी सहयोगी दलों के नेताओं ने भाग लिया। ठाकरे गुट के जिलाप्रमुख दीपेश म्हात्रे ने बड़ा खुलासा करते हुए आरोप लगाया कि, कल्याण-डोंबिवली के निवासियों को आज भी धोखा दिया जा रहा है, इन इमारतों का बिल्डर कोर्ट जाने के नाम पर निवासियों से पैसे वसूल रहा है। प्रत्येक इमारत से 25 लाख रुपये वसूले जा रहे हैं, दीपेश म्हात्रे ने कहा, अब तक बिल्डर ने निवासियों से 1.5 करोड़ रुपये एकत्र किए हैं। इस धोखाधड़ी से संबंधित स्क्रीन शॉट्स म्हात्रे ने बैठक में दिखाया। साथ ही धोखाधड़ी और फर्जी दस्तावेज बनाने वाले लोगों के साथ-साथ संबंधित मनपा और सरकारी अधिकारियों के खिलाफ भी मामला दर्ज करने का निर्णय लिया गया। इसके लिए डोंबिवली के चार पुलिस स्टेशनों मानपाड़ा, तिलकनगर, रामनगर और विष्णुनगर में 2,500 आवेदन दायर किए जाएंगे। शिवसेना ठाकरे गुट के कल्याण जिलाप्रमुख दीपेश म्हात्रे ने कहा, यह बैठक योजना बनाने के लिए थी, सभी दलों और सहयोगी दलों ने इस पर संयुक्त निर्णय लिया है। डोंबिवली में बड़े पैमाने पर मोर्चा निकाला जाएगा।

DBD दो बजे दोपहर
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है
मुंबई, रविवार, 23 फरवरी 2025



# ठगी करने वाले कॉल सेंटर का भंडाफोड़



## 4 आरोपियों की हुई गिरफ्तारी

**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**

मुंबई में बैठकर अमेरिकी नागरिकों के साथ ठगी करने वाले कॉल सेंटर का भंडाफोड़ किया गया है। मुंबई पुलिस की क्राइम ब्रांच यूनिट ने इस मामले में 4 लोगों को गिरफ्तार किया है। प्राथमिक रूप से मिली जानकारी के मुताबिक, मुंबई पुलिस की क्राइम ब्रांच यूनिट 12 को गुप्त रुप से यह जानकारी मिली थी कि मुंबई के बोरीवली इलाके में एक फर्जी कॉल सेंटर के माध्यम से अमेरिकी नागरिकों को ठगा जा रहा है। कॉल सेंटर द्वारा अमेरिकी नागरिकों को उनके माइक्रोसॉफ्ट विंडोज में प्रॉब्लम बताकर ठगने का काम किया जा रहा है। पुलिस को मिली जानकारी के आधार पर उन्होंने बोरीवली स्थित अर्पण अपार्टमेंट में छापेमारी की।

### 4 आरोपी पुलिस के शिकंजे में

इस छापेमारी में पुलिस ने 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया। उनके पास से 6 लैपटॉप, 20 मोबाइल फोन, 2 वाइफाई राउटर, 6 स्पीकर और लगभग 2 लाख 41 हजार का सामान बरामद हुआ है। पुलिस ने आईटी एक्ट और भारतीय न्याय संहिता की तमाम धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। गिरफ्तारी के बाद सभी आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया, जहां उन्हें 24 फरवरी तक पुलिस कस्टडी में भेज दिया गया। बता दें कि कॉल सेंटर के माध्यम से अमेरिकी नागरिकों को बताया जाता था कि उनके सॉफ्टवेयर में परेशानी है। ठग अमेरिकी नागरिकों को बताते कि वह माइक्रोसॉफ्ट से बात कर रहे हैं और टोल फ्री नंबर पर फोन करके उनसे बैंक की डिटेल्स ली जाती और बैंक से सारे पैसे साफ कर दिए जाते।

### कैसे होती है ठगी ?

दरअसल कॉल सेंटर से अमेरिकी नागरिक को पहले फोन किया जाता है। इसके बाद ठग विदेशी नागरिक को यह बताते कि वह किसी कंपनी से जुड़े हुए हैं और वह बताते कि उनके लैपटॉप या डेस्कटॉप में मौजूद माइक्रोसॉफ्ट विडोंज में कुछ समस्याएं आ रही हैं। इसके ठगों द्वारा यह बताया जाता कि कुछ दिक्कतें जो आ रही हैं उसे ऑनलाइन ठीक किया जा सकता है, इसके लिए कुछ भुगतान करना पड़ता है। इसी तरह वह विदेशी नागरिकों सो बैंक के डिटेल्स लेते और फिर साइबर ठगी को अंजाम देते।

# मरीन लाइंस में पांच मंजिला इमारत में भीषण आग

## घर का सामान जलकर खाक, कोई हताहत नहीं

**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**

दक्षिण मुंबई के मरीन लाइंस में शनिवार दोपहर एक पांच मंजिला इमारत में भीषण आग लग गई। घटना में कोई हताहत नहीं हुआ, लेकिन घर का सारा सामान जलकर खाक हो गया।



### आग लगने की घटना

यह हादसा गोल मस्जिद के पास जफर होटल के बगल में स्थित मरीन चैंबर इमारत में हुआ। दोपहर करीब 12:26 बजे इमारत की पांचवीं मंजिल के 2000 वर्ग फीट के फ्लैट में आग भड़क उठी। कुछ ही देर में आग ने भीषण रूप धारण कर लिया और लपटें व धुआं दूर से भी देखा जा सकता था।

### लोगों में मची अफरा-तफरी

आग लगते ही इमारत में रहने वाले लोगों में दहशत फैल गई। चीख-पुकार के बीच लोग जान बचाने के लिए भागने लगे। सूचना मिलते ही पुलिस और बीएमसी के कर्मचारी घटनास्थल पर पहुंचे।

### आग लगने के कारणों की जांच जारी

हालांकि, किसी के घायल होने की कोई सूचना नहीं है। आग लगने के ठीक कारणों की जांच की जा रही है।

### आग से हुए नुकसान की जानकारी

बीएमसी अधिकारियों के अनुसार, आग बिजली के तारों, लकड़ी के फर्नीचर, जरूरी दस्तावेज, एलपीजी गैस ट्यूब, रेगुलेटर, गद्दे, सोफा सेट और घरेलू सामान तक सीमित रही। ऊपरी मंजिलों पर फंसे लोगों को दमकलकर्मियों ने सीढ़ियों की मदद से सुरक्षित बाहर निकाला।

### दमकलकर्मियों को आग बुझाने में आई दिक्कत

तंग गलियों के कारण दमकल कर्मियों को आग बुझाने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। लेकिन कड़ी मेहनत के बाद आग पर काबू पा लिया गया।

# डायरेक्टर ने 5 लोगों के खिलाफ दर्ज कराई एफआईआर

**मुंबई।** महाकुंभ की वायरल गर्ल मोनालिसा को लेकर फिल्म 'द डायरी ऑफ मणिपुर' बनाने का ऐलान करने वाले निर्देशक सनोज मिश्रा ने बड़ा कदम उठाया है। सनोज मिश्रा ने मुंबई के अंबोली पुलिस स्टेशन में पांच लोगों के खिलाफ FIR दर्ज कराई है। इन लोगों पर मिश्रा को बदनाम करने और फिल्म को रोकने की कोशिश का आरोप है। सनोज मिश्रा पर 10 करोड़ रुपये के बजट वाली इस फिल्म के लिए मोनालिसा को



लाखों रुपये फीस देने के बावजूद कई गंभीर आरोप लगाए गए थे। इस FIR में वसीम रिजवी (जितेंद्र नारायण त्यागी), रवि सुधा चौधरी, माही आनंद, मारुत सिंह और एक यूट्यूब चैनल के मालिक अभिषेक उपाध्याय का नाम शामिल है।

### मुंबई के अंबोली पुलिस स्टेशन में केस दर्ज

दरअसल महाकुंभ 2025 में चर्चा में आई मोनालिसा अब फिल्मों में कदम रखने जा रही हैं। लेकिन उनकी पहली फिल्म 'द डायरी ऑफ मणिपुर' विवादों में घिर गई है। फिल्म के निर्देशक सनोज मिश्रा पर कई गंभीर आरोप लग रहे हैं। इन आरोपों से परेशान होकर मिश्रा ने कानूनी रास्ता अपनाया है। उन्होंने मुंबई के अंबोली पुलिस स्टेशन में पांच लोगों के खिलाफ FIR दर्ज कराई है। मिश्रा का आरोप है कि ये पांच लोग मिलकर उनके खिलाफ झूठे आरोप लगा रहे हैं और उन्हें पूरे देश में बदनाम करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इन लोगों ने मीडिया में झूठी खबरें फैलाई हैं। उनका दावा है कि ये लोग नहीं चाहते कि मोनालिसा की फिल्म बने। इसलिए वे उन्हें बदनाम और ब्लैकमेल कर रहे हैं।

# द्वारका में अवैध धार्मिक ढांचे के निर्माण को लेकर बवाल

## अतिक्रमण हटाने पहुंचा अमला; लगाना पड़ा कर्फ्यू

**मुंबई/नासिक।** महाराष्ट्र के नासिक जिले में शनिवार को द्वारका के काठे गली इलाके में उस वक्त कर्फ्यू लगा दिया गया। जब कथित तौर पर अवैध धार्मिक ढांचे के निर्माण को विवाद बढ़ गया। वहीं विवादित ढांचे को हटाने के लिए पहुंची अतिक्रमण टीम का विरोध किया गया। इसके बाद पुलिस ने इलाके में कर्फ्यू लगा दिया।



### क्या है पूरा मामला?

काठे गली से नागजी चौक की ओर जाने वाली सड़क पर एक अवैध धार्मिक स्थल के निर्माण को लेकर विरोध शुरू हुआ। धार्मिक स्थल पर अतिक्रमण हटाने के लेकर हिंदुत्व संगठन आक्रामक हो गए। इसे लेकर संगठनों ने विरोध-प्रदर्शन की चेतावनी दी थी। वहीं हिंदूवादी संगठनों ने अवैध धार्मिक ढांचे को हटाए जाने तक अपना आंदोलन जारी रखने की कसम भी खाई है।

### साधु-संतों की गिरफ्तारी से बढ़ा बवाल

वहीं इस मामले में पुलिस ने कुछ साधु-संतों को गिरफ्तार करना भी शुरू कर दिया है। जिसके बाद से मौके पर स्थिति और खराब हो गई और पुलिस-प्रशासन को एहतियातन कर्फ्यू लगाना पड़ा। इस मामले में शुक्रवार रात से कई सड़कें बंद कर दिए गए और आवाजाही को प्रतिबंधित करने के लिए बैरिकेड्स लगाए गए हैं।

### कई इलाकों की सड़कें बंद, भारी पुलिस बल तैनात

जानकारी के मुताबिक, महंत सुधीरदास पुजारी और कई प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया गया है और महंत अनिकेत शास्त्री को घर में नजरबंद कर दिया गया है। इस मामले में पुलिस उपायुक्त ने मुंबई नाका और भद्रकारी पुलिस सीमा के अंतर्गत आस-पास के इलाकों की सड़कें बंद कर दी गई हैं।

सिंगर हनी सिंह कान्सर्ट

# मुंबई साइबर सेल ने दिखाई सख्ती, भेजा कारण बताओ नोटिस

**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**

महाराष्ट्र में रैपर हनी सिंह के आयोजन को लेकर मुंबई साइबर सेल ने टिकट एजेंसी को कारण बताओ नोटिस भेजा है। इसमें कॉन्सर्ट के लिए बिना नाम लिखे टिकट बेचने का आरोप है।





### साइबर सेल ने क्यों दिखाई सख्ती?

टिकट की कालाबाजारी को लेकर मुंबई साइबर सेल ने टिकट एंजेसियों को आगाह किया था। हाल ही में गायक हनी सिंह के आगामी कान्सर्ट को लेकर जौमैटे टिकटिंग प्लेटफॉर्म ने फिर से बिना नाम लिखे टिकट बेचे, जिस कारण मुंबई साइबर सेल के प्रमुख यशस्वी जायसवाल ने उन्हें कारण बताओ नोटिस भेजा और उसका जवाब मांगा है। 'कोल्डप्ले बैंड' के भारत दौरे के दौरान कॉन्सर्ट के लिए टिकटों की कालाबाजारी होने की घटना सामने आई थी। बिना नाम लिखे टिकट बेचने के कारण लोगों ने थोक में टिकटों को खरीदकर उसे दोबारा ज्यादा पैसों में बेचा था।

इस विवाद को लेकर मुंबई साइबर सेल ने सख्ती दिखाई थी। साथ ही टिकटिंग प्लेटफॉर्म बुक माइशो और जौमैटो को बड़े इवेंट्स में टिकट पर खरीददार का नाम प्रिंट करके बेचने की हिदायत दी थी।

### साइबर सेल जारी करेगी श्वेत पत्र

टिकट मामले पर महाराष्ट्र साइबर सेल जल्द ही एक श्वेत पत्र जारी करने वाली है, जिसे सभी टिकटिंग प्लेटफॉर्म के ऑपरेटर्स से इनपुट लेकर तैयार किया गया है। यह श्वेत पत्र लीगल फॉर्म में होगा, जिसमें टिकटिंग सिस्टम के बदलावों को लिखा जाएगा। गायक हनी सिंह 'मिलिनेयर इंडिया टूर' आयोजित कर रहे हैं। जिसके दो कॉन्सर्ट महाराष्ट्र राज्य में आयोजित होने वाले हैं। एक कॉन्सर्ट 22 फरवरी को मुंबई में वहीं दूसरा कान्सर्ट पुणे में 14 मार्च को आयोजित होने वाला है।

# एनआरआई महिला ने नाबालिग बेटी के कपड़ों में छिपाया सोना

## पति भी कर चुका है तस्करी

**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**

दुबई से लौट रहीं अमेरिका स्थित अनिवासी भारतीय (NRI) अमी कोटेचा को मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर 5.47 किलोग्राम सोना तस्करी के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। जब्त किए गए सोने की कीमत लगभग 4.86 करोड़ रुपये आंकी गई है।



### बेटी के कपड़ों में छिपाया गया था सोना

रिपोर्ट के मुताबिक, राजस्व खुफिया निदेशालय (DRI) के अधिकारियों ने अमी कोटेचा को उनकी नाबालिग बेटी के साथ पकड़ा। प्रारंभिक तलाशी में उनके पास कुछ नहीं मिला, लेकिन जब उनकी बेटी की तलाशी ली गई, तो उसके कपड़ों के अंदर विशेष रूप से तैयार जैकेट में छिपाकर रखे गए नौ सोने के बिस्किट बरामद किए गए। पूछताछ के दौरान नाबालिग ने बताया कि उसकी मां ने उसे यह पैकेट दिया था और उसे यह जानकारी नहीं थी कि भारत में बिना किसी सबूत के सोना लाने पर कानूनी कार्रवाई हो सकती है।

### तस्करी से बचने के लिए नाबालिग बेटी का इस्तेमाल?

अधिकारियों के अनुसार, अमी कोटेचा ने जानबूझकर सोना अपनी नाबालिग बेटी को सौंपा, यह सोचकर कि कस्टम अधिकारी एक नाबालिग की तलाशी नहीं लेंगे। पूछताछ में अमी ने दावा किया कि उन्होंने यह सोना दुबई में ठहरने के दौरान खरीदा था।

### पति भी तस्करी में संलिप्त

जांच के दौरान यह भी सामने आया कि अमी कोटेचा के पति को भी पहले कस्टम विभाग ने 10 लाख अमेरिकी डॉलर की तस्करी के प्रयास में पकड़ा था। इससे अधिकारियों को शक हुआ कि यह तस्करी संगठित रूप से की गई होगी।

DRI अधिकारियों ने अमी कोटेचा को कस्टम्स एक्ट के तहत गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। वहीं, उनकी नाबालिग बेटी को छोड़ दिया गया। अमी कोटेचा के वकील अफताब कुरैशी ने अदालत में दलील दी कि उनकी मुवक्किल को सोना लाने के नियमों की जानकारी नहीं थी, इसलिए यह तस्करी की श्रेणी में नहीं आता।

### 1.87 करोड़ रुपये का कस्टम शुल्क बचाने की कोशिश

DRI अधिकारियों के अनुसार, यदि अमी कोटेचा ने कानूनी रूप से सोना आयात किया होता और बैगेज डिक्लेरेशन फाइल किया होता, तो उन पर 38.5% की प्रभावी दर से 1.87 करोड़ रुपये का कस्टम शुल्क लागू होता। अधिकारियों का कहना है कि बिना शुल्क चुकाए सोना लाने की यह कोशिश एक संगठित तस्करी का हिस्सा हो सकती है। मामले की विस्तृत जांच जारी है।

# उद्धव के सरपंचों को नहीं दूंगा पैसा : नितेश राणे



**मुंबई।** मत्स्य एवं बंदरगाह विकास मंत्री नितेश राणे ने एक बार फिर ऐसा बयान दिया है, जिसकी वजह से राज्य की राजनीति गरमाने लगी है। नितेश राणे ने कहा है कि जिस गांव में पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे की पार्टी के सरपंच होंगे, उन गांवों के विकास के लिए वह फंड नहीं देंगे। उन्होंने यह भी कहा है कि वह सुनिश्चित करेंगे कि चुनाव से पहले पार्टी से जो गंदगी बाहर गई, वह वापस पार्टी में न आए।

सावंतवाड़ी विधानसभा क्षेत्र में पार्टी की बैठक में आए नितेश राणे ने महा विकास अघाड़ी सरकार पर जोरदार हमला बोला। उन्होंने कहा कि उद्धव के सरपंच वाले गांवों को हम फंड नहीं देंगे। उन्होंने एक तरह से ग्रामीणों को चेतावनी भरे लहजे में कहा कि हम अप्रैल के बाद सूची लेकर बैठेंगे। तब उन्हें (ग्रामीणों) को पता चलेगा कि हमने कितनी बड़ी गलती की है। आप चाहे जितनी आलोचना करें, मैं पार्टी को आगे बढ़ाऊंगा। मैं अपने नेताओं को समझाऊंगा। लेकिन मैं फंड नहीं दूंगा।

नितेश राणे ने कहा कि हमें अपनी पार्टी का विस्तार करने का अधिकार है। हम पार्टी को बढ़ाने के लिए बैठे हैं। जब विपक्षी गठबंधन महाविकास अघाड़ी की सरकार थी, तब हमारी सूचियां फेंक दी गई थीं। सारे काम अस्वीकृत कर दिए गए थे। कोई धनराशि नहीं दी गई।

# बंद करो नफरत की राजनीति : हुसैन दलवाई

**मुंबई।** महाराष्ट्र कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व सांसद हुसैन दलवाई ने हाल ही में बीजेपी विधायक राजा सिंह द्वारा औरंगजेब की मजार पर बुलडोजर चलाने की मांग और संजय निरुपम के हाउसिंग जिहाद बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि ऐसी बातें गलत और भ्रामक हैं। हुसैन दलवाई ने संजय निरुपम के बयान पर आपत्ति जाहिर



करते हुए कहा कि पहले आप मुसलमानों का समर्थन करते थे, लेकिन अब आप इस तरह की बयानबाजी क्यों कर रहे हैं? उन्होंने कहा कि जब एसआरए (स्लम रिहैबिलिटेशन प्रोजेक्ट) होता है तो वह स्थान उन लोगों को मिलेगा, जो वहां रह रहे हैं और इसमें मुख्य रूप से मुसलमान और दलित होते हैं, तो इस पर सवाल उठाना गलत है।

### 'कई मुस्लिम परिवारों को मकान देने में भेदभाव किया जाता है'

दलवाई ने निरुपम से पूछा कि आप जिस इलाके की बात कर रहे हैं, वहां सांतक बिल्डर जैसे बड़े प्रोजेक्ट चल रहे हैं, जिनमें मुस्लिम समुदाय के लोग शामिल हैं। इस पर आपने कभी सवाल क्यों नहीं उठाया? उन्होंने यह भी बताया कि कई मुस्लिम परिवारों को मकान देने में भेदभाव किया जाता है, और उन्होंने खुद अनुभव किया है कि कई स्थानों पर मुस्लिमों को घर नहीं दिए जाते। दलवाई ने संजय निरुपम को सलाह दी कि वह ऐसे भड़काऊ बयानों से दूर रहें। उन्होंने कहा, आप आरएसएस की बातें क्यों कर रहे हैं? आप तो आरएसएस से नहीं थे, फिर अब आप उनके सिद्धांतों की बात क्यों कर रहे हैं? दलवाई ने निरुपम से कहा कि वह मोदी और संघ परिवार के नक्शे कदम पर न चलें, क्योंकि यह समाज में और अधिक नफरत और असहमति पैदा करेगा। मुसलमानों के खिलाफ जो माहौल बना हुआ है, उसे तुरंत खत्म किया जाना चाहिए। हमारी उम्मीद है कि आप ऐसे विवादों में न पड़ें, क्योंकि इससे समाज में और असंतोष पैदा होगा। मुसलमानों को उनके अधिकारों से वंचित किया जा रहा है, और हमें समाज के हर वर्ग को बराबरी का हक देने के लिए मिलकर काम करना चाहिए। इसके अलावा, उन्होंने औरंगजेब की मजार पर बुलडोजर चलाने की मांग को भी नकारते हुए कहा कि यह सारा माहौल सिर्फ नफरत फैलाने के लिए है। हमें इसके खिलाफ आवाज उठानी चाहिए। उन्होंने कहा कि बीजेपी और संघ परिवार द्वारा बार-बार किए जा रहे धार्मिक और साम्प्रदायिक बयानों से समाज में विभाजन हो रहा है।

# कर्नाटक में हमले के बाद महाराष्ट्र सरकार ने रोकी MSRTC की बस



**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**

कर्नाटक में एक MSRTC बस पर हमले के बाद महाराष्ट्र के परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक ने शनिवार को कर्नाटक जाने वाली राज्य परिवहन बसों को रोकने का आदेश दिया। सरनाईक जी ने बताया कि महाराष्ट्र राज्य सड़क परिवहन निगम (MSRTC) की एक बस पर हमला हुआ था। यह बस बेंगलुरु से मुंबई जा रही थी। इसी दौरान शुक्रवार रात कर्नाटक के चित्रदुर्ग में कन्नड़ समर्थकों ने हमला किया। हमलावरों ने बस ड्राइवर भास्कर जाधव का चेहरा काला कर दिया और उनके साथ मारपीट भी की। कर्नाटक सरकार ने अब बड़ा फैसला लिया है।

### सरनाइक के कड़े तेवर

सरनाईक ने शनिवार किो कहा कि कर्नाटक सरकार जब तक इस मामले पर अपना रुख साफ़ नहीं करती, तब तक बस सेवाएं फिर से शुरू नहीं होंगी। यह घटना चिंताजनक है और दोनों राज्यों के बीच तनाव बढ़ा सकती है। सरकारों को जल्द से जल्द इस मुद्दे का समाधान निकालना चाहिए ताकि आम लोगों को परेशानी न हो। यह हमला ऐसे वक्त पर हुआ है जब महाराष्ट्र के परिवहन मंत्री बनने के बाद कुछ दिन पहले ही प्रताप सरनाइक कर्नाटक के दौरे पर गए थे। वहां उन्होंने कर्नाटक रोडवेज के काम करने के तौर तरीकों का अध्ययन किया था।

# थानों में हुआ विवाद समाधान दिवस का आयोजन




**मुंबई।** मुंबई के विशेष पुलिस आयुक्त और पुलिस आयुक्त के निर्देश पर जोन नौ के अंतर्गत आने वाले आठ पुलिस स्टेशनों में हर शनिवार को विवाद समाधान दिवस का आयोजन किया जाता है। दूसरे और चौथे शनिवार को महिलाओं और वरिष्ठ नागरिकों से संबंधित मुद्दों का समाधान किया जाता है। 22 फरवरी को 56 महिलाएं, 103 पुरुष और 19 वरिष्ठ नागरिक अपनी समस्याएं बताने पुलिस स्टेशन आए, जिनका समाधान किया गया।

**पश्चिम रेलवे**

**एलएचबी के पहियों के लिए परीक्षण**

मंडल रेल प्रबंधक (मैकेनिकल) मुंबई सेंट्रल, मुंबई 400008, **-ई-टेंडर नोटिस संख्याः Re-1-M137-19-BDTS-ECA-23, दिनांक 20.02.2025 आमंत्रित करते हैं। कार्य का नामः** कोचिंग डिपो बांद्रा टर्मिनस में एलएचबी कोचों के पहियों के लिए एडी करंट एरे (ईसीए) परीक्षण 01 वर्ष के लिए। **बोली प्रारंभ तिथिः** 28.02.2025 को। **खुलने की तिथि और समयः** 14.03.2025 को 15:00 बजे। **कार्य की अनुमानित लागतः**42,63,495.57 **ईएमडीः** 85,300/- अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर जाएँ। **मैनुअल ऑफ़र पर विचार नहीं किया जाएगा।** 1107

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

## संपादकीय

# जिंदगी की मेगा मुहिम

देश में अस्सी प्रतिशत मौतों के लिये जिम्मेदार गैर संक्रामक रोगों के खिलाफ केंद्र सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने एक बड़ी मुहिम शुरू की है। इसके अंतर्गत पूरे देश में तीस साल से अधिक उम्र वाले करीब नब्बे करोड़ लोगों की शुगर, बीपी और कैंसर की जांच होगी। गत गुरुवार को शुरू हुई यह देशव्यापी मुहिम 31 मार्च तक चलेगी। हालांकि, फ्रंटलाइन स्वस्थ्य कार्यकर्ता,आशा वर्कर,एएनएम आदि घर-घर इस अभियान के लिये संपर्क करेंगे, लेकिन जिन तक संपर्क न हो पाए वे नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर अपना डेटा राष्ट्रीय पोर्टल तक पहुंचा सकते हैं। दरअसल, वर्ष 2021 के आंकड़ों के अनुसार देश में तीस व उससे अधिक उम्र वालों की संख्या करीब 64 फीसदी है। जिन्हें इस अभियान के केंद्र में रखा गया है। हाल के वर्षों में देखा गया है कि देश में मधुमेह, उच्च रक्तचाप और कैंसर के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन और आईसीएमआर के अनुसार देश में गैर संक्रामक रोगों से मरने वालों का प्रतिशत कुल रोगों से मरने वालों में अस्सी प्रतिशत है। एक अनुमान के अनुसार वर्ष 2012 से 2030 के बीच गैर संक्रामक रोगों से 305 लाख करोड़ का नुकसान होने का अनुमान है। दरअसल, स्वास्थ्य मंत्रालय की इस मुहिम का मकसद है कि गैर संक्रामक रोगों व मुंह, ब्रेस्ट और सर्वाइकल कैंसर की स्थिति का पता लगाया जाए। जिससे समय रहते इन रोगों के नियंत्रण के लिये नीति तैयार की जा सके। उम्मीद की जा रही है कि इस अभियान के सिरे चढ़ने के बाद स्वास्थ्य सेवा की लागत कम की जा सकेगी। इस अभियान की रियल टाइम मॉनिटरिंग होगी और स्क्रीनिंग, उपचार व उसके फॉलोअप के आंकड़े स्वास्थ्य मंत्रालय के पोर्टल पर अपडेट किए जा सकेंगे। दरअसल,भारत में कैंसर व अन्य गैर संक्रामक रोगों का पता समय रहते नहीं चल पाता। जिसके कारण उपचार मिलने के बावजूद इनके नुकसान से बचा नहीं जा सकता है। निश्चित रूप से इस अभियान से लोगों में अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता आएगी। दरअसल, हाल के वर्षों में खानपान व जीवन शैली में बदलाव से गैर संक्रामक रोगों की आधारभूमि तैयार हुई है। रोग का समय से पता न चल पाने के कारण जीवनभर इन रोगों का उपचार चलता रहता है। महंगी होती चिकित्सा प्रणाली के चलते तमाम परिवार गरीबी के दलदल में फंसकर रह जाते हैं। विडंबना यह है कि तंबाकू के सेवन से कैंसर के मामले बढ़े हैं। करीब 44 फीसदी पुरुष व करीब सात फीसदी महिलाएं तंबाकू का सेवन करती हैं। वहीं पुरुषों में मोटापा 12 फीसदी से बढ़कर 18 फीसदी हुआ है तो महिलाओं में यह बारह फीसदी से बढ़कर बीस फीसदी हुआ है। जिसका मूल कारण शारीरिक सक्रियता में कमी भी है। जिसमें 13 फीसदी की कमी दर्ज की गई है। आंकड़े बताते हैं कि देश में गैर संक्रामक रोगों से होने वाली मौतों में 45 फीसदी भूमिका हृदय रोगों, स्ट्रोक व उच्च रक्तचाप की है। वहीं बाइस फीसदी मौतें सांस संबंधी बीमारियों के चलते होती हैं। वहीं दूसरी ओर बारह फीसदी मौतें कैंसर से व तीन प्रतिशत मौतें मधुमेह से होती हैं। हालांकि, देश के तीस साल से अधिक उम्र के नब्बे करोड़ लोगों का आंकड़ा जुटाना कठिन कार्य है, लेकिन कोरोना काल में हमने वैक्सीनेशन अभियान के जरिये दुनिया में एक मिसाल कायम की है। सबसे महत्वपूर्ण बात है कि आंकड़े जुटाने की मुहिम से देश मे स्वास्थ्य के प्रति चेतना जाग्रत होगी। लोग सेहत के प्रति जागरूक होंगे। यह हकीकत है कि लोग यदि खानपान में संयम बरतें, शारीरिक सक्रियता बढ़ाएं और योग-व्यायाम को जीवन का हिस्सा बना लें तो कई रोगों को भगा सकते हैं। वैसे भी यदि समय रहते इन गैर संक्रामक रोगों का पता चलता है तो समय रहते इनका उपचार भी संभव है। निश्चित रूप से हम इलाज पर होने वाले बड़े खर्च को कम कर सकते हैं। इससे हम स्वस्थ भारत के संकल्प को हकीकत बना सकते हैं। स्वस्थ भारत का संकल्प ही कालांतर विकसित भारत का लक्ष्य हासिल करने में मददगार हो सकता है।

# तमिलनाडु में हिंदी-विरोध का नया दौर



प्रमोद जोशी

यह हिंदी की पढ़ाई को लेकर तमिलनाडु में एक बार फिर से तलवारें खिंचती दिखाई पड़ रही हैं। राज्य के उपमुख्यमंत्री उदयनिधि स्टालिन ने मंगलवार को एक विशाल विरोध-प्रदर्शन में चेतावनी दी कि हिंदी थोपने वाली केंद्र सरकार के खिलाफ एक और विद्रोह जन्म ले सकता है। उनके पहले मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने राज्यों पर शिक्षा-निधि के मार्फत दबाव बनाने का आरोप लगाया था। राज्य में अगले साल विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। ऐसे में द्रमुक ने नई शिक्षा नीति (एनईपी) और तीन-भाषा फॉर्मूले की आलोचना करके माहौल को गर्मा दिया है।

तमिलनाडु में भाषा केवल शिक्षा या संस्कृति का विषय नहीं है। द्रविड़-राजनीति ने इसके सहारे ही सफलता हासिल की है। द्रविड़ आंदोलन, जिसने डीएमके और एआईएडीएमके दोनों को जन्म दिया, भाषाई आत्मनिर्णय के सिद्धांत पर आधारित था। राष्ट्रीय आंदोलन के कारण इस राज्य में भी कांग्रेस, मुख्यधारा की पार्टी थी, पर भाषा पर केंद्रित द्रविड़ आंदोलन ने राज्य से कांग्रेस को सत्ता से बेदखल कर दिया और आज तमिलनाडु में कांग्रेस द्रमुक के सहारे है। इस राज्य में भाषा-विवाद लगातार उठते रहते हैं। पिछले साल संसदीय शीत-सत्र में 5 दिसंबर को विरोधी दलों के सदस्यों ने 'भारतीय न्याय संहिता' के हिंदी और संस्कृत नामों के विरोध में सरकार पर हमला बोला। उन्होंने सरकार पर 'हिंदी इंपोज़ीशन' का आरोप लगाया। एक दशक पहले तक ऐसे आरोप आमतौर पर द्रमुक-अद्रमुक और दक्षिण भारतीय सदस्य लगाते थे। अब ऐसे आरोप लगाने वालों में कांग्रेस पार्टी भी शामिल है।

अप्रैल, 2022 में गृहमंत्री अमित शाह ने संसदीय राजभाषा समिति की 37वीं बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि हिंदी को पूरे देश में स्थानीय भाषाओं के बजाय अंग्रेजी के विकल्प के रूप में स्वीकार किया जाना चाहिए। उनके अनुसार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तय किया है कि सरकार का कामकाज हिंदी में हो। उनके इस बयान के पीछे 'हिंदी-विरोधियों' को साम्राज्यवाद की गंध आई। शाह ने कहा कि हिंदी को देश के विभिन्न हिस्सों तक पहुंचाने के प्रयास होने चाहिए। जब विभिन्न राज्यों के नागरिक संवाद करते हैं, तो 'यह भारत की भाषा में होना चाहिए।'उनके इस वक्तव्य के अलावा, नई शिक्षा-नीति के अंतर्गत देशभर के स्कूलों में कक्षा 10 तक परोक्ष रूप में हिंदी को अनिवार्य बनाने की केंद्र सरकार की योजना पर तीखी प्रतिक्रियाएं आईं। 10 अप्रैल को, तमिलनाडु के सत्तारूढ़ दल द्रविड़ मुन्नेत्र कषगम ने केंद्र सरकार को हिंदी थोपने के किसी भी नए प्रयास के खिलाफ चेतावनी दी और लोगों से इसका विरोध करने का आह्वान किया। पार्टी के मुखपत्र मुरासोली में लिखा गया, यह कदम देश की अखंडता को नष्ट कर देगा। भारतीय जनता पार्टी को दक्षिण में प्रवेश तो मिल गया है, पर तमिलनाडु में वह अभी हाशिए पर है। पिछले कुछ समय से वह अपने राज्य प्रमुख अन्नामलाई के जरिये राज्य के एक तबके को प्रभावित करने का प्रयास कर रहे हैं। क्या इस राज्य में हिंदी-समर्थक पार्टी के सफल होने की कोई गुंजाइश है? राज्य में हिंदी की पढ़ाई को उत्सुक लोग भी हैं, जिन्हें लगता है कि रोज़गार के लिए हिंदी का ज्ञान भी ज़रूरी है। भाजपा कार्यकर्ता अब मार्च से मई तक एक सर्वेक्षण करने की योजना बना रहे हैं, जिसमें वे तीन-भाषा नीति पर तमिलनाडु भर के परिवारों से बातचीत करेंगे और अपने निष्कर्ष राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को सौंपेंगे। राज्य सरकार हिंदी के पठन-पाठन के दरवाज़े बंद रखना चाहती है। उसे लगता है कि एक बार दरवाज़े खुले तो राजनीति का रंग-रूप बदल जाएगा। बहरहाल तमिल-बगावत के स्वर एनईपी के तहत तीन-भाषा सूत्र से जुड़ी शर्तों और समग्र-शिक्षा कार्यक्रम लिए केंद्रीय धन जारी करने से जुड़े मतभेदों के कारण सुनाई पड़े हैं। एनईपी के विरोधियों का तर्क है कि यह नीति परोक्ष रूप से क्षेत्रीय भाषाओं की तुलना में हिंदी और संस्कृत को बढ़ावा देती है। केंद्र सरकार ने राज्य को 2,152 करोड़ रुपयों का आवंटन इस आधार पर रोक रखा है, क्योंकि उसने 'पीएम श्री स्कूलों' और एनईपी को स्वीकार नहीं किया है।

डीएमके और उसके सहयोगी दलों के चेन्नई में आयोजित विरोध प्रदर्शन में उदयनिधि ने कहा, हम न तो भीख मांग रहे हैं और न आपकी निजी संपत्ति। यह हमारा वैध अधिकार है। संविधान का कोई भी अनुच्छेद तीन-भाषा की बात नहीं करता है। तमिलनाडु इस फॉर्मूले को कभी स्वीकार नहीं करेगा। राज्य में हिंदी के प्रवेश से तमिल का विलोपन हो जाएगा जैसा राजस्थानी, भोजपुरी और उत्तर भारत की अन्य भाषाओं के साथ हुआ है।

यह मसला भारतीय संघवाद की विसंगतियों को भी रेखांकित करता है। भारतीय राष्ट्रवाद के विकास से जुड़े अंतर्विरोधों की प्रतिध्वनि भी इसमें सुनाई पड़ती है। स्वतंत्रता के पहले 'द्रविड़नाडु' नाम से अलगाववादी नज़रिया भी उभरा था। इंदिरा गांधी के दौर में केंद्र को मजबूत बनाने की जो कोशिशें हुईं, उनमें शिक्षा का मसला भी शामिल था। संविधान की सातवीं अनुसूची संघ और राज्यों के बीच कानून बनाने की शक्तियों के आवंटन को निर्दिष्ट करती है। 1976 में संविधान में 42वें संशोधन तक शिक्षा राज्य सूची में थी। 1976 में स्वर्ण सिंह समिति की सिफारिशों के बाद इसे समवर्ती सूची में लाया गया। अब शिक्षा समवर्ती सूची में है।

## जीवन मंत्र

# अमीर बनने वाले लोगों में अक्सर 6 तरह की आदतें होती है

अमीर इंसान की खासियत होती है कि इनकी इनकम कई सोर्सेज से आती है। ये एक इनकम सोर्स पर नहीं टिके होते बल्कि मेहनत कर कई जगह से अपने आय का सोर्स रखते हैं। जिससे पैसों की कभी कमी ना हो।

हर किसी के आसपास कुछ ऐसे लोग होते हैं जो दिन पर दिन पैसा कमाकर खुद की मेहनत से अमीर बन जाते हैं। ऐसे लोगों की आदतों पर अगर गौर करेंगे तो पाएंगे कि इनकी कुछ सीक्रेट आदतें होती हैं। जो ज्यादातर रिच लोगों में ही देखने को मिलती है। जान लें वो कौन सी आदते हैं। जो लोग अमीर होते हैं या अमीर होने की चाह रखते हैं वो छोटे-मोटे काम या नुकसान पर फोकस नहीं करते। बल्कि वो बड़े लक्ष्य पर पूरा फोकस करते हैं और उसे पूरा करने की कोशिश करते हैं। जिससे उन्हें ज्यादा और लांग टाइम में फायदा हो।

जो लोग पैसे वाले होते हैं वो आमतौर पर पैसों को खर्च करते नहीं दिखते बल्कि वो ज्यादातर पैसों की बचत और इनवेस्टमेंट करते नजर आते है।

अमीर इंसान की खासियत होती है कि इनकी इनकम कई सोर्सेज से आती है। ये एक इनकम सोर्स पर नहीं टिके होते बल्कि मेहनत कर कई



जगह से अपने आय का सोर्स रखते हैं। जिससे पैसों की कभी कमी ना हो। पैसे वाले खुद की सेहत की देखभाल बहुत ज्यादा करते हैं। ऐसे लोगों को बखूबी पता होता है कि वो खुद एक एसेट हैं और अपनी हेल्थ का पूरा ख्याल रखते हैं।

अमीर लोग हमेशा कुछ ना कुछ सीखते रहते हैं और खुद को किसी एक दायरे में नहीं बांधते। ये हर तरह की चीज को सीखने में समय खर्च करते हैं। पैसे वाले लोग ऐसी जगह पर ही पैसों को इनवेस्ट करते हैं जो उन्हें अच्छी तरह समझ आती है। केवल दूसरों के कहने या समझाने पर ही अपनी गाढ़ी कमाई को नहीं लगाते।

## शख्सियत | गाडगे महाराज

# एक संत और समाज सुधारक



गाडगे महाराज एक संत और समाज सुधारक थे। वह स्वैच्छिक गरीबी में रहे और सामाजिक न्याय को बढ़ावा देने और विशेष रूप से स्वच्छता से संबंधित सुधारों की शुरुआत करने के लिए विभिन्न गांवों में घूमते रहे। उन्होंने लोगों से धार्मिक अनुष्ठानों के हिस्से के रूप में पशु बलि को रोकने का आग्रह किया और शराब दुरुपयोग जैसी बुराइयों के खिलाफ अभियान चलाया।

गाडगे महाराज, जिनका पूरा नाम संत गाडगे बाबा था, भारत के एक प्रिय संत और समाज सुधारक थे। उनका जन्म 23 फरवरी, 1876 को महाराष्ट्र के शेंगाव नामक एक छोटे से गांव में हुआ था।गाडगे महाराज ने अपना जीवन मानवता की सेवा और गरीबों और हाशिये पर पड़े लोगों के जीवन को ऊपर उठाने के लिए समर्पित कर दिया। वह सादा जीवन जीते थे, कम से कम कपड़े पहनते थे और उनके पास बहुत कम संपत्ति थी। उनकी शिक्षाओं में करुणा, विनम्रता और निस्वार्थ सेवा के महत्व पर जोर दिया गया। गाडगे महाराज स्वच्छता और साफ-सफाई के प्रति विशेष रूप से समर्पित थे। उन्होंने लोगों को स्वच्छता संबंधी व्यवहार बनाए रखने और स्वच्छता अभियान में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। उनका मानना था कि स्वच्छ वातावरण शारीरिक और आध्यात्मिक दोनों तरह की भलाई के लिए आवश्यक है। अपनी आध्यात्मिक शिक्षाओं के अलावा, गाडगे महाराज ने जरूरतमंदों को सहायता और सहायता प्रदान करने के लिए आश्रम, स्कूल और अस्पतालों सहित कई धर्मार्थ संस्थानों की भी स्थापना की।

वह समाज के उत्थान के लिए शिक्षा की शक्ति में विश्वास करते थे और विशेषकर वंचितों के बीच साक्षरता और शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए अथक प्रयास करते थे।

गाडगे महाराज की शिक्षाओं और मानवीय प्रयासों ने उन्हें व्यापक सम्मान और प्रशंसा दिलाई। उनके अनुयायी उन्हें प्यार से ₹गाडगे महाराज₹ कहते थे, जो उन्हें एक संत और आशा की किरण मानते थे। संत गाडगे बाबा का निधन 20 दिसंबर, 1956 को हो गया। उन्हें एक सच्चे संत और समाज सुधारक के रूप में याद किया जाता है जिन्होंने अपना जीवन मानवता की सेवा में समर्पित कर दिया।

## जीवन ऊर्जा

अमृत लाल नागर : निधन- 23 फ़रवरी, 1990

देहावसान

अमृत लाल नागर का जन्म 17 अगस्त 1916 ई. को गोकुलपुरा, आगरा में हुआ। अमृत के पिता का नाम राजाराम नागर था। अमृतलाल नागर हिन्दी के सुप्रसिद्ध साहित्यकार थे। उन्होंने नाटक, रेडियोनाटक, रिपोर्ताज, निबन्ध, संस्मरण, अनुवाद, बाल साहित्य आदि के क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया है। 'अमृत और विष' भी इनका प्रसिद्ध उपन्यास है, जिसके लिए इन्हें 1967 में 'साहित्य अकादमी' पुरस्कार से सम्मानित किया गया। अमृतलाल नागर जी का निधन सन् 23 फ़रवरी, 1990 ई. में हुआ था।

# अपनी परिस्थितियों पर विचार न करने वाला व्यक्ति मूर्ख होता है

मनुष्य का रूप, प्रकृति की शोभा सब नश्वर है। फिर ऐसे आधार पर टेका देने से लाभ ही क्या जो विश्वास का ठोसपन न लिए हुए हो? अपने संकल्प और कर्म को सदा तौलते रहना मेरा धर्म है। इससे साधू को शक्ति मिलती है। पंडित के लिए केवल शास्त्र ही नहीं वरन् रामरूप आत्मविश्वास भी आवश्यक होता है। भाग्य का चमत्कार केवल लौकिक स्तर पर ही नहीं दिखलाई देता। मेरी धारणा है कि आपके समान परम भाग्यशाली व्यक्ति जगत में कदाचित् ही कोई हो। जो सिद्धि किसी को नहीं मिलती वह आपके लिए सहज सुलभ होगी। केवल चाहने से ही सब कुछ नहीं मिलता भगत। अपनी चाहना को पूरी करने के लिए भगवान को भी नर देह धरकर हाथ-पैर और मन-बुद्धि चलानी पड़ती है। सतत् अभ्यास से तुम्हारी साँस-साँस में यह गूँज भर जाएगी और फिर अपने-आप ही तुम्हें अपने सारे अध्ययन और पांडित्य का खरा अर्थबोध हो जायेगा। माया सचमुच धोबिन ही है। यह जीव में लिपटे अज्ञान रूपी मैल को धोकर उसका निर्मल रूप निखार देती है। अनगढ़ पत्थर सिर्फ ठोकरें खाता है, और देता भी है। साधु यदि पेटू



हो जाय तो फिर उसका निभाव भला क्योंकर हो सकता है? साधु होने के लिए केवल वेश ही तो आवश्यक नहीं होता। आपको अपने काम से सच्चा प्यार करना चाहिए। दिन में एकान्त मिल नहीं पाता इसलिए रात में अपने भीतर वाले हंस को अकेला ही अनुभव कराना चाहता हूँ। अपनी परिस्थितियों पर विचार न करनेवाला व्यक्ति मूर्ख होता है। मानव-मन बड़ा अद्भुत होता है बेनीमाधव। जब तक वह संस्कार धारता नहीं तभी तक विकारग्रस्त रहता है और एक बार वह निश्चय कर ले तो जादू की तरह उसकी दृष्टि बदलकर कुछ और की और ही हो जाती है। साधक को सिद्ध होकर भी तप से नहीं चूकना चाहिए। तीर्थंकर महावीर वद्धर्मान का यह सिद्धान्त सत्य है। पापी लोग पुण्य शील महात्माओं के नैसर्गिक शत्रु होते है। जैसा काम तुम्हारा वैसे ही तुम अमृतलाल हो।

## सर्वसिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ बिजाना शाजापुर मध्य प्रदेश



# अपनी संस्कृति और धर्म का उपहास न बनाएं

सुंदरकांड में हनुमान जी का अत्यंत पावन चरित्र है यह एक कटु सत्य है। एक सुंदरकांड वाचक मंडल की व्यथा सुन्दरकाण्ड की बुकिंग करने के बाद कई लोग फोन लगा-लगा कर कहते हैं कि पंडित जी! अच्छे से करना, मज़ा आ जाए एक दम। वैसे तो हम फलानी मंडली को बुलाते थे पर आपके बारे में सुना तो सोचा आपको बुलाएँ इसलिए ऐसा सुन्दरकाण्ड करना कि माहौल बन जाए।

ऐसी बातें सुनकर लगता है कि जैसे हमें सुन्दरकाण्ड के लिए नहीं बल्कि मुजरा करवाने के मकसद से बुलाया जा रहा है। सच में क्या अजीब मानसिकता हो गई है आज लोगों की? सुन्दरकाण्ड जैसी अद्भुत हनुमान कथा को मनोरंजन बना कर रख दिया है। और ऐसा भी नहीं है कि वह सुन्दरकाण्ड की चौपाई सुनकर आनंदित होना चाहते हैं। नहीं! वह सुनना चाहते हैं। तड़कता-भड़कता हुआ संगीत और साथ में तथाकथित भजन(जिन्हें भजन कहते भी लाज आती है) हम सभी कहते हैं कि हमें अपनी संस्कृति बचानी है,धर्म बचाना है तो क्या ऐसे बचेगी संस्कृति? हमने हर चीज़ को तो मनोरंजन बना कर रख दिया है और फिर धर्म बचाने की बात करते हैं। सुन्दरकाण्ड एक बहुत सामर्थ्यशाली, ऊर्जा प्रदायक, प्रेरणादायक,समाधान कारक, प्रबंधन के सूत्रों से भरा और शांति देने वाला एक अमूल्य साधन है पर हमने आज उसी सुन्दरकाण्ड की इतनी फ़जीती कर रखी है कि क्या ही कहा जाए और इसीलिए सुन्दरकाण्ड कराने का फल हमें नहीं मिल पाता क्योंकि हम सुन्दरकाण्ड के प्रति अपना भाव ही नहीं रखते बल्कि हमारा पूरा ध्यान मात्र थिरकने पर होता है।

मैं आश्चर्य से तो तब भर जाता हूँ कि लोग बीच-बीच में चाय और शरबत की चुसकियाँ लेकर सुन्दरकाण्ड पाठ करते हैं और इसमें सबसे बड़े सहयोगी होते हैं आयोजक जो कि बीच-बीच में शरबत और चाय पेश करते हैं।

सुन्दरकाण्ड कराते समय एक आसन पर स्थिर होकर बैठना चाहिए। अगर बहुत जरूरी हो तो पानी लिया जा सकता है पर बीच-बीच में पार्टी की तरह शरबत और चाय लेकर नहीं घूमना चाहिए। अतः निवेदन है कि अपनी संस्कृति और धर्म का उपहास न बनाएं। सुन्दरकाण्ड मनोरंजन का साधन नहीं है बल्कि उसमे श्री हनुमान जी का पवित्र चरित्र है।



पंडित कैलाशचंद्र शर्मा
वैदिक सनातन संस्कृति के प्रचारक व सर्व सिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ के संस्थापक।
मो. नं. 9425980556



## अपने विचार

जनता को न इनके बीते कल के वादे पर विश्वास था, न आने वाले कल के दावे पर भरोसा है। झूठ भाजपा का पर्याय बन गया है। जनमानस कहे आज का, नहीं चाहिए भाजपा !



**-अखिलेश यादव,** अध्यक्ष, सपा

राजद सुप्रीमो लालू यादव सामाजिक न्याय की बात करते हैं, लेकिन सत्ता में आते ही पारिवारिक न्याय की बात करने लगते हैं। अगर वो सामाजिक न्याय चाहते हैं तो किसी गरीब के घर के बेटे को मुख्यमंत्री बनाकर दिखाएं।



**-दिलीप जायसवाल ,** अध्यक्ष,बिहार भाजपा

देखिए मंत्रालय कोई भी हो, हमें जनता की सेवा करनी है और जहां पर भी इन्होंने भ्रष्टाचार किया है, फर्जी काम किए हैं, अभी जनता की अदालत में सजा मिली है, अभी कानून की अदालत में भी सजा मिलेगी।'



**-कपिल मिश्रा ,** मंत्री, दिल्ली

15 साल कांग्रेस का राज रहा 13 साल 'आप' ने राज किया, वो अपना कार्यकाल देखें हमें 1 दिन में प्रश्न करने वाले ये कौन लोग हैं? जिन्होंने दिल्ली को बैकफुट कर दिया, जिन्होंने दिल्ली का सर्वनाश कर दिया।



**-रेखा गुप्ता,** सीएम, दिल्ली

**अपने विचार**

डीबीडी कार्यालय

ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001

indiagroundreport@gmail.com

भेज सकते हैं।

यह अखबार “माध्यम कार्पोरेट सर्विसेज लि. ” के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अरुणलाल द्वारा ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001 से प्रकाशित एवं सोमानी प्रिंटिग प्रेस, गाला नं. 4, एन.के.इंडस्ट्रियल इस्टेट, इनसाइड प्रवासी इंडिस्ट्रयल इस्टेट गेट नं. 2, गोरेगांव पू., मुंबई-63 से मुद्रित। फोन नं. 022-66555719 ईमेल : indiagroundreport@gmail.com **कार्यकारी संपादक :** अमित बृज (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए ज्मिेदार)।

# कैंसर डायग्नोसिस मोबाइल बस बनी मरीजों का सहारा

## ठाणे जिले में रोजाना 100 से 120 नागरिकों की हो रही जांच

**डीबीडी संवाददाता । ठाणे**

कैंसर जैसी गंभीर बीमारी के निदान के लिए अब मरीजों को बड़े अस्पतालों या मुंबई के टाटा अस्पताल के चक्कर लगाने की जरूरत नहीं। खासतौर पर ग्रामीण और आदिवासी इलाकों के मरीजों के लिए ठाणे जिला स्वास्थ्य विभाग की कैंसर डायग्नोसिस मोबाइल बस एक आधार बन रही है। इस अत्याधुनिक बस के माध्यम से रोजाना 100 से 120 मरीजों की जांच की जा रही है, जिसमें मौखिक, स्तन और गर्भाशय कैंसर के प्रारंभिक लक्षणों की पहचान की जा रही है।

### समय पर निदान से बचाव संभव

विशेषज्ञों के अनुसार, कैंसर के लक्षणों को समझना आसान नहीं होता, इसलिए लोग अक्सर लापरवाही कर जाते हैं। लेकिन समय पर जांच होने से इस बीमारी को रोका जा सकता है। इसी उद्देश्य से स्वास्थ्य उपनिदेशक डॉ. अशोक नंदापुरकर के मार्गदर्शन में ठाणे, पालघर और रायगढ़ जिले के ग्रामीण व आदिवासी क्षेत्रों में यह बस भेजी जा रही है।

### उपमुख्यमंत्री के जन्मदिन पर हुई थी बस की शुरुआत



उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के जन्मदिन पर कैंसर डायग्नोसिस मोबाइल बस का उद्घाटन किया गया। इसके बाद यह बस भिवंडी, शाहपुर, मुरबाड, कल्याण और अंबरनाथ सहित विभिन्न इलाकों में कैंसर जांच सेवाएं दे रही है।

### आधुनिक तकनीक से सुसज्जित बस

कैंसर डायग्नोसिस मोबाइल बस अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाओं से लैस है, जिससे यह दुर्गम इलाकों तक भी पहुंचकर नागरिकों को फायदा पहुंचा रही है।जिला शल्य चिकित्सक डॉ. अर्चना पवार ने बताया कि यदि समय पर कैंसर का पता चल जाए, तो मरीजों का तुरंत इलाज संभव हो सकता है। वहीं, दंत चिकित्सक डॉ. अंजुम देशमुख ने कहा कि यह पहल जिले के हर नागरिक को स्वस्थ रखने में मदद करेगी। यह बस ग्रामीण और दूरदराज के मरीजों को कैंसर जैसी गंभीर बीमारी के शुरुआती चरण में ही इलाज का अवसर प्रदान कर रही है, जिससे उनके जीवन को बचाया जा सकता है।

# महाकुंभ में रेलवे की अहम भूमिका, 14 हजार से ज्यादा ट्रेनों का संचालन

## अब तक 3.6 करोड़ श्रद्धालुओं ने रेलवे के जरिए किया महाकुंभ क्षेत्र में प्रवेश

**डीबीडी संवाददाता । नई दिल्ली:**

प्रयागराज में महाकुंभ के दिव्य और भव्य आयोजन में भारतीय रेलवे ने अग्रणी भूमिका निभाई। तीर्थयात्रियों के सुगम आवागमन के लिए 14 हजार से अधिक ट्रेनों का संचालन किया गया, जिससे अब तक 3.6 करोड़ से अधिक श्रद्धालु कुंभ क्षेत्र तक पहुंचे।



### विशेष ट्रेनों का संचालन

महाकुंभ में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए रेलवे ने 13,667 ट्रेनों का संचालन किया। इनमें 3,468 विशेष ट्रेनें कुंभ क्षेत्र से रवाना हुईं। 2,008 ट्रेनें बाहरी राज्यों से कुंभ क्षेत्र में आईं। 8,211 नियमित ट्रेनों का संचालन हुआ। शहर में कुल नौ रेलवे स्टेशनों पर ट्रेनें श्रद्धालुओं को सेवा प्रदान कर रही हैं, जिनमें प्रयागराज जंक्शन सबसे व्यस्त रहा, जहां 5,000 से अधिक ट्रेनें पहुंचीं।

### अलग-अलग राज्यों से ट्रेनों की आवृत्ति

50% ट्रेनें उत्तर प्रदेश से शुरू होकर प्रयागराज पहुंचीं। दिल्ली से 11% और बिहार से 10% ट्रेनें आईं। महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, मध्य प्रदेश, राजस्थान और गुजरात से 3-6% ट्रेनें आईं। 472 राजधानी एक्सप्रेस और 282 वंदे भारत ट्रेनों का संचालन हुआ। 92% ट्रेनें मेल, एक्सप्रेस, सुपरफास्ट, पैसेंजर और मेमो श्रेणी की रहीं।

### रेलवे ने भीड़ नियंत्रण के लिए उठाए विशेष कदम

रेलवे ने महाकुंभ की भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पहले से विस्तृत कार्ययोजना तैयार की। विशेष रूप से किसी एक रूट, ट्रेन, या स्टेशन पर अतिरिक्त दबाव से बचने के लिए भीड़ नियंत्रण प्रबंधन लागू किया गया। तीर्थयात्रियों की संख्या और मांग के अनुसार अतिरिक्त विशेष ट्रेनें चलाई गईं। भीड़भाड़ की स्थिति में आपातकालीन योजनाएं भी लागू की गईं। इस विशाल आयोजन में रेलवे ने अपनी कार्यक्षमता का परिचय देते हुए देशभर से श्रद्धालुओं को प्रयागराज तक पहुंचाने और उन्हें सुरक्षित गंतव्य तक वापस भेजने में महत्वपूर्ण भूमिका

# मुंबई - नागपुर / मडगांव / नांदेड़ एवं पुणे - नागपुर के दरम्यान 28 होली स्पेशल ट्रेनें

**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**

मध्य रेल होली के त्यौहार के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को कम करने के लिए मुंबई - नागपुर / मडगांव / नांदेड़ एवं पुणे - नागपुर के दरम्यान 28 होली स्पेशल ट्रेनें चलाई जाएगी।



**1. छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस -नागपुर- छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस द्वि-साप्ताहिक स्पेशल**

ट्रेन संख्या 02139 द्वि-साप्ताहिक स्पेशल 09.03.2025, 11.03.2025, 16.03.2025 एवं 18.03.2025 (रविवार और मंगलवार) को छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस से 00.20 बजे रवाना होगी और नागपुर को उसी दिन 15.10 बजे पहुंचेगी । ट्रेन संख्या 02140 द्वि-साप्ताहिक विशेष ट्रेन 09.03.2025, 11.03.2025, 16.03.2025 और 18.03.2025 (रविवार और मंगलवार) को नागपुर से 20.00 बजे रवाना होगी और छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस को अगले दिन 13.30 बजे पहुंचेगी।

संरचनाः एक फर्स्ट एसी, 1 फर्स्ट एसीसह एसी-2 टियर, 2 एसी-2 टियर, 10 एसी-3 टियर, 4 स्लीपर क्लास, 4 सामान्य द्वितीय श्रेणी और 2 सामान्य द्वितीय श्रेणीसह गार्ड ब्रेक वैन।

ठहरावः दादर, ठाणे, कल्याण, इगतपुरी, नासिक रोड, मनमाड, जलगांव, भुसावल, मलकापुर, शेगाँव, अकोला, मुर्तिजापुर, बडनेरा, धामणगांव और वर्धा।

**2. छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस -मडगांव- छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस साप्ताहिक स्पेशल (4 सेवा)**

ट्रेन संख्या 01151 साप्ताहिक स्पेशल 06.03.2025 और 13.03.2025 (गुरुवार) को छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस से 00.20 बजे रवाना होगी और उसी दिन 13.30 बजे मडगांव पहुंचेगी। ट्रेन संख्या 01152 साप्ताहिक स्पेशल 06.03.2025 और 13.03.2025 (गुरुवार) को मडगांव से 14.15 बजे रवाना होगी और छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस को अगले दिन 03.45 बजे पहुंचेगी।

संरचनाः एक फर्स्ट एसी, 1 फर्स्ट एसी कम एसी-2 टियर, 2 एसी-2 टियर, 10 एसी-3 टियर, 4 स्लीपर क्लास, 4 जनरल सेकंड क्लास और 2 जनरल सेकंड क्लास कम गार्ड ब्रेक वैन।

ठहरावः दादर, ठाणे, पनवेल, पेण, रोहा, मानगांव, खेड़, चिपलूण, संगमेश्वर रोड, रत्नागिरी, अडावली, विलवडे, राजापुर रोड, वैभववाड़ी रोड, कणकवली, सिंधुदुर्ग, कुडाल, सावंतवाड़ी रोड और थिवि।

**3. लोकमान्य टिळक टर्मिनस - मडगांव- लोकमान्य टिळक टर्मिनस साप्ताहिक स्पेशल (4 सेवा)**

ट्रेन संख्या 01129 साप्ताहिक स्पेशल 13.03.2025 और 20.03.2025 (गुरुवार) को लोकमान्य टिळक टर्मिनस से 22.15 बजे रवाना होगी और मडगांव अगले दिन 10.30 बजे पहुंचेगी। ट्रेन संख्या 01130 साप्ताहिक स्पेशल 14.03.2025 और 21.03.2025 (शुक्रवार) को मडगांव से 14.30 बजे रवाना होगी और लोकमान्य टिळक टर्मिनस अगले दिन 04.05 बजे पहुंचेगी।

संरचनाः एक फर्स्ट एसी, 2 एसी 2-टियर, 6 एसी 3-टियर, 8 स्लीपर क्लास,1 पेंट्री कार और 2 जेनरेटर कार।

ठहरावः ठाणे, पनवेल, पेन, रोहा, मानगांव, वीर, खेड़, चिपलून, संगमेश्वर रोड, रत्नागिरी, अडावली, विलावडे, राजापुर रोड, वैभववाड़ी रोड, नंदगांव रोड, कणकवली, सिंधुदुर्ग, कुडाल और सावंतवाड़ी रोड।

**4. लोकमान्य टिळक टर्मिनस - हजूर साहिब नांदेड़ - लोकमान्य टिळक टर्मिनस साप्ताहिक स्पेशल (4 सेवा)**

ट्रेन संख्या 01105 साप्ताहिक स्पेशल 12.03.2025 और 19.03.2025 (बुधवार) को लोकमान्य टिळक टर्मिनस से 00.55 बजे रवाना होगी और उसी दिन 21.00 बजे नांदेड़ पहुंचेगी। ट्रेन संख्या 01106 साप्ताहिक विशेष गाड़ी 12.03.2025 और 19.03.2025 (बुधवार) को नांदेड़ से 22.30 बजे रवाना होगी और लोकमान्य टिळक टर्मिनस को अगले दिन 16.05 बजे पहुंचेगी।

संरचनाः एक प्रथम एसी, 1 एसी 2-टियर, 5 एसी-3-टियर, 8 स्लीपर क्लास, 4 सेकंड सीटिंग, 1 पेंट्री, 1 जेनरेटर वैन और 1 सेकंड क्लास कम गार्ड ब्रेक वैन ।

ठहरावः ठाणे, कल्याण, लोणावला, पुणे, दौण्ड, कुर्डुवाडी, बारसी टाउन, उस्मानाबाद, लातूर, लातूर रोड, परली, गंगाखेड, परभणी और पूर्णा

**5. पुणे - नागपुर- पुणे साप्ताहिक विशेष (4 ट्रिप)**

ट्रेन संख्या 01469 साप्ताहिक विशेष ट्रेन 11.03.2025 और 18.03.2025 (मंगलवार) को पुणे से 15.50 बजे रवाना होगी और नागपुर अगले दिन 06.30 बजे पहुँचेगी। ट्रेन संख्या 01470 साप्ताहिक स्पेशल 12.03.2025 और 19.03.2025 (बुधवार) को नागपुर से 08.00 बजे रवाना होगी और पुणे उसी दिन 23.30 बजे पहुंचेगी।

संरचनाः तीन एसी 2-टियर, 15 एसी 3-टियर, 1 सामान्य द्वितीय श्रेणी सह गार्ड ब्रेक वैन और 1 जेनरेटर वैन।

**6. पुणे - नागपुर - पुणे साप्ताहिक स्पेशल (4 सेवा)**

ट्रेन संख्या 01467 स्पेशल 12.03.2025 और 19.03.2025 (बुधवार) को पुणे से 15.50 बजे रवाना होगी और नागपुर अगले दिन 06.30 बजे पहुंचेगी। ट्रेन संख्या 01468 स्पेशल 13.03.2025 और 20.03.2025 (गुरुवार) को नागपुर से 08.00 बजे रवाना होगी और पुणे उसी दिन 23.30 बजे पहुंचेगी।

संरचनाः एक प्रथम एसी, 1 एसी 2-टियर, 2 एसी 3-टियर, 5 स्लीपर क्लास, 6 सामान्य द्वितीय श्रेणी और 2 सामान्य द्वितीय श्रेणी सह गार्ड ब्रेक वैन।

01469/01470 और 01467/01468 के लिए ठहरावः उरुली, दौंड कॉर्ड लाइन, अहमदनगर, बेलापूर, कोपरगांव, मनमाड, जलगांव, भुसावल, मलकापूर, शेगांव, अकोला, बडनेरा, धामणगांव और वर्धा ।

# कामतघर में दो दिवसीय धूमधाम से मनाई गई छत्रपति शिवाजी महाराज जयंती

**डीबीडी संवाददाता । भिवंडी**

कामतघर परिसर में हर साल की तरह इस वर्ष भी छत्रपति शिवाजी महाराज जयंती का उत्सव धूमधाम से मनाया गया। हजारों शिव प्रेमियों ने उपस्थित होकर शिवाजी महाराज की प्रतिमा पर पुष्प अर्पण कर अभिवादन किया।



### कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग

शिवसेना शाखा कामतघर के शरद म्हात्रे, विशाल भोईर, धनराज चौधरी, राजू काटेकर, महेंद्र बोबड़े, राम पाटील, रजनीश पाटील सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने अथक प्रयास कर इस आयोजन को सफल बनाया। यह उत्सव न केवल शिवाजी महाराज के प्रति सम्मान का प्रतीक था बल्कि युवाओं और बच्चों में उनकी वीरता और आदर्शों को आत्मसात करने की प्रेरणा भी बना।

### दो दिवसीय आयोजन की झलकियां

यह भव्य उत्सव शिवसेना शाखा कामतघर के पदाधिकारियों और पूर्व महापौर व शिवसेना नेता मनोज काटेकर एवं पूर्व नगरसेविका वंदनाताई काटेकर के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया।

पहले दिन पूर्व संध्या पर छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा की स्थापना एवं पूजन किया गया। तुलजाभवानी भजन मंडल द्वारा हरिपाठ किया गया।

मुख्य अतिथि महादेव महाराज सलगरे (लातूर) का विशेष भजन कार्यक्रम, जिसमें उन्होंने शिवाजी महाराज के कार्यों और चरित्र पर प्रकाश डाला।

दूसरे दिन सुबह शिवाजी महाराज की प्रतिमा का पूजन एवं भव्य शोभायात्रा निकाला गया। छोटे बच्चों के लिए वेशभूषा स्पर्धा का आयोजन किया गया। पटाखों की आतिशबाजी और ढोल-ताशों के गजर में शिवाजी महाराज को श्रद्धांजलि दी गई।

# भिवंडी के रामेश्वर मंदिर में काल भैरव मंदिर का जीर्णोद्धार संपन्न

**डीबीडी संवाददाता । भिवंडी**

काप तालाब क्षेत्र स्थित प्राचीन रामेश्वर मंदिर प्रांगण में भगवान काल भैरव मंदिर के जीर्णोद्धार कार्यक्रम का आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर सैकड़ों भक्तों ने दर्शन किए और महाप्रसाद ग्रहण किया।



### कार्यक्रम में शामिल गणमान्य

इस आयोजन में शहर के प्रमुख राजनीतिक, सामाजिक और उद्योग जगत से जुड़ी हस्तियां शामिल हुईं। इनमें प्रमुख रूप से शिवसेना शहर प्रमुख सुभाष माने, पूर्व नगर सेवक प्रशांत लाड, युवा उद्योगपति एवं प्रदेश सपा उपाध्यक्ष अजय यादव, उद्योगपति साईनाथ पवार, राकांपा नेता अनिल फड़तरे सहित कई अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

### भक्तों ने लिया आशीर्वाद

बड़ी संख्या में भक्तों ने भगवान काल भैरव के दर्शन किए और विशेष पूजन में भाग लिया। इस दौरान महाप्रसाद का आयोजन भी किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। भव्य आयोजन ने भक्तों में आस्था और आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार किया और पूरे कार्यक्रम का माहौल भक्तिमय बना रहा।

### पूजन विधि का आयोजन

मंदिर के मुख्य ट्रस्टी अजय कुमार फडतरे के हाथों पूजन विधि का आयोजन महंत स्वामी चिदानंद सरस्वती (चिंतामणि बाल ब्रह्मचारी जी) द्वारा संपन्न कराया गया।

# वानगांव और दहानु रोड स्टेशनों के बीच ब्लॉक

**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**



रविवार, 23 फरवरी, 2025 को मुंबई सेंट्रल मंडल के वानगांव और दहानू रोड स्टेशनों के बीच मोनोपोल के स्थानांतरण/व्यपवर्तन/ऊंचाई बढ़ाने के लिए ब्लॉक लिया जाएगा । 23 फरवरी, 2025 को 09.50 बजे से 10.50 बजे तक एक घंटे का ब्लॉक अप और डाउन मेन लाइनों पर लिया जाएगा, जिसके कारण पश्चिम रेलवे की कुछ ट्रेनें प्रभावित होंगी। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी विनीत अभिषेक ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर इसकी जानकारी दी।

### शॉर्ट टर्मिनेट / आंशिक रूप से निरस्त होने वाली ट्रेनें:-

07 .42 बजे चर्चगेट से रवाना होने वाली ट्रेन संख्या 93011 चर्चगेट - दहानू रोड लोकल, वानगांव में शॉर्ट टर्मिनेट होगी और इसलिए ट्रेन संख्या 93011 और 93016 वानगांव और दहानू रोड के बीच आंशिक रूप से निरस्त रहेगी । 09 .30 बजे विरार से रवाना होने वाली ट्रेन संख्या 93013 विरार-दहानू रोड लोकल, बोईसर में शॉर्ट टर्मिनेट होगी और इसलिए ट्रेन संख्या 93013 और 93014 बोईसर और दहानू रोड के बीच आंशिक रूप से निरस्त रहेगी । ट्रेन संख्या 12934 अहमदाबाद-मुंबई सेंट्रल कर्णावती एक्सप्रेस 35 मिनट रेगुलेट होगी। ट्रेन संख्या 09653 अजमेर-बांद्रा टर्मिनस स्पेशल 01 घंटे रेगुलेट होगी।

# राशिफल

**प्रियंका जैन**

**मेष:** किसी लंबे मनोरंजक प्रवास का कार्यक्रम बन सकता है। आंखों का विशेष ध्यान रखें। चोट व रोग से बचें। सुख के साधन जुटेंगे। दांपत्य जीवन सुखद रहेगा। सरकारी कामकाज में अनुकूलता रहेगी।

**वृष:** कोई पुराना रोग परेशानी का कारण बन सकता है। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में लापरवाही न करें। शारीरिक हानि की आशंका बनती है। किसी व्यक्ति के व्यवहार से दिल को ठेस पहुंच सकती है।

**मिथुन:** गृहस्थ जीवन में आनंद का वातावरण रहेगा। जीवनसाथी को भेंट व उपहार देना पड़ सकता है। किसी अनहोनी की आशंका रह सकती है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। लापरवाही न करें। कोर्ट व कचहरी तथा सरकारी कामों में अनुकूलता रहेगी।

**कर्क:** आर्थिक वृद्धि के लिए नई योजना बनेगी। तत्काल लाभ नहीं होगा। किसी सामाजिक कार्यक्रम में भाग लेने का अवसर प्राप्त हो सकता है। मान-सम्मान मिलेगा। कार्यकारी नए अनुबंध हो सकते हैं।

**सिंह:** पहले किसी व्यक्ति को दिए गए कर्ज की वसूली हो सकती है। व्यावसायिक प्रवास सफल रहेगा। धन प्राप्ति सुगम होगी। घर-परिवार की चिंता बनी रहेगी। कोई नई समस्या आ सकती है।

**कन्या:** जीवनसाथी के स्वास्थ्य संबंधी चिंता बनी रहेगी। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। किसी बड़ी समस्या से छुटकारा मिल सकता है। व्यावसायिक प्रवास हो सकता है। काम में अनुकूलता रहेगी।

**तुला:** रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। कार्य के प्रति उत्साह रहेगा। जल्दबाजी न करें। भूमि व भवन इत्यादि की खरीद-फरोख्त की योजना सफल रहेगी। बड़ा लाभ हो सकता है। प्रमाद न करें। कुबुद्धि हावी रह सकती है इसलिए कोई भी निर्णय सोम-समझकर करें।

**वृश्चिक:** कोई बड़ा खर्च अचानक सामने आ सकता है। व्यवस्था में मुश्किल होगी। चिंता तथा तनाव रहेंगे। गुस्से पर काबू रखें। मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। धनहानि की आशंका बन सकती है। व्यापार ठीक चलेगा।

**धनु:** पहले किए गए प्रयास का लाभ अब मिलेगा। समय पर कर्ज चुका पाएंगे। प्रतिस्पर्धियों पर विजय प्राप्त होगी। व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल लाभ देंगे। निवेश शुभ फल देगा।

**मकर:** कामकाज में अधिक ध्यान देगा पड़ेगा। दूर से दुःखद समाचार मिल सकता है। भागदौड़ रहेगी। समय पर काम नहीं होने से तनाव रहेगा। गुस्से पर काबू रखें। व्यापार-व्यवसाय में उतार-चढ़ाव रहेगा।

**कुंभ:** आय में सुगमता रहेगी। घर में मेहमानों का आगमन होगा। व्यय होगा। दूर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। प्रसन्नता बढ़ेगी। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे।

**मीन:** किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। यात्रा मनोरंजक रहेगी। शिक्षा के क्षेत्र में सफलता प्राप्त होगी। व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य को नजरअंदाज न करें।

# जाने गुरु और शनि की युति से किस तरह से फल मिल सकते हैं

इस योग वाले व्यक्ति में धार्मिक रुझान ज़्यादा होता हैबप्पा

ज्ञान और बुद्धिः

इस योग से व्यक्ति को ज्ञान प्राप्त करने की तीव्र इच्छा होती है और वे अध्ययन में मेहनती होते हैंबप्पा

धन और समृद्धिः

शनि धन और समृद्धि का ग्रह है, इसलिए इस योग से जातक को धन प्राप्ति, करियर में उन्नति और व्यापार में लाभ हो सकता हैबप्पा

पद और प्रतिष्ठाः

शनि और गुरु दोनों ही ग्रह पद और प्रतिष्ठा दायक होते हैंबप्पा

सुख और वैवाहिक जीवनः गुरु सुख और वैवाहिक जीवन से जुड़ा हैबप्पा

शश योगः

वृषभ लग्न में प्रथम भाव में शनि और गुरु की युति को "शश योग" कहा जाता हैबप्पा इस योग से जातक को धन, विद्या, यश और मान-सम्मान की प्राप्ति होती हैबप्पा

गजकेसरी योगः



प्रियंका जैन
9769994439

वृश्चिक लग्न की कुंडली में शनि और गुरु की युति को "गजकेसरी योग" के नाम से भी जाना जाता हैबप्पा

शनि गुरु युति-

अगर किसी की कुंडली में शनि गुरु की युति हो या ये दोनों एक दूसरे को देख रहे हों तो जातक काफी अच्छा सलाहकार होता है।

ऐसे व्यक्ति को राजनीति में भी अच्छा पद प्राप्त होने की पूरी सम्भावना रहती है। उच्च कोटि का साधक और मंत्रो का ज्ञाता होता है। और अधिक जानकारी जन्म कुंडली

परामर्श सलाह उपाय विधि प्रयोग कुंडली विश्लेषण वास्तु हस्तरेखा अंक ज्योतिष एवं रत्ना यंत्र मंत्र तंत्र से जुड़ा हुआ परामर्श के लिए संपर्क करें बप्पाबप्पाबप्पा

न्यूज़ ब्रीफ

### 'विकास पसंद न करने वालों को महाकुंभ ने दिखाया आईना'



#### सीएम योगी ने लखीमपुर खीरी में सपा पर निशाना साधा

**लखीमपुर खीरी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को लखीमपुर खीरी पहुंचे। यहां उन्होंने बायो प्लास्टिक प्लांट की नींव रखी। दावा किया जा रहा है कि ये देश का पहला बायो प्लास्टिक प्लांट है। नींव पूजन के बाद सभा को संबोधित करते हुए सीएम योगी ने कहा कि जो लोग विकास को पसंद नहीं करते उन्हें महाकुम्भ ने ही आईना दिखा दिया है। यूपी की सामर्थ्य बताने को कुम्भ ही काफी है। आज खीरी जिले से भी विकास की नई धारा निकली है। जिले में 4500 करोड़ रुपए की योजनाओं की शुरुआत हुई है। सीएम ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि विपक्ष को विकास अच्छा नहीं लगता। इसलिए नकारात्मक टिप्पणी करते हैं। गोला में छोटी काशी शिव मंदिर कॉरीडोर के शिलान्यास के बाद सीएम योगी ने कहा कि कुम्भ के आयोजन ने नकारात्मक लोगों को आईना दिखा दिया है। विपक्ष आस्था, विकास पर प्रश्नचिह्न लगाता है।

### टाइगर जयराम का लाइव छापा, रोकी गई कोयला लदी ट्रकें

**गिरिडीह।** पश्चिम बंगाल और धनबाद के कुछ इलाके से अवैध कोयला ट्रकों पर लादकर बिहार-यूपी अक्सर भेजे जाते हैं। ऐसे ही सूचना पर डुमरी के विधायक जयराम महतो सड़क पर पहुंच गए। जयराम महतो खुद ही अपने समर्थकों के साथ दिल्ली-कोलकाता नेशनल हाइवे जीटी रोड पर उतर गए। उसके बाद कुलगो में अवस्थित टोल प्लाजा पर कोयला लदी ट्रकों को रोक दिया। टोल प्लाजा में कोयले लदी ट्रक को रुकवाने के बाद स्थानीय पुलिस और अधिकारियों को सूचना दी गई। मौके पर डुमरी एसडीपीओ सुमित कुमार पहुंचे और एक-एक कर कोयला लदी सभी ट्रकों के कागजात की जांच की। जयराम के इस तेवर से कोयला के अवैध कारोबार में जुटे माफियाओं में हड़कंप मच गया है।

### अतिक्रमण हटाओ अभियान का विरोध करने वालों पर भड़के देवघर एसडीओ

**देवघर।** जिले में महाशिवरात्रि को लेकर जिला प्रशासन तैयारियों में जुटा है। इसे देखते हुए देवघर शहर में अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाया जा रहा है। विभिन्न चौक-चौराहों पर अतिक्रमण कर बनाए गए मकानों को तोड़ा जा रहा है, वहीं वर्षों से जर्जर भवनों को भी तोड़कर समतल किया जा रहा है, ताकि महाशिवरात्रि के दिन शिव बारात निकलने में किसी तरह की बाधा न आए। प्रशासन की कार्रवाई पर लोगों में नाराजगी भी नजर आई। वे हंगामा करने लगे। जिसके बाद एसडीओ भी भड़क गए।

# छत्तीसगढ़ त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में अंतिम चरण का मतदान

#### कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतदान दल रवाना

**बलरामपुर।** छत्तीसगढ़ में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए तीसरे चरण का मतदान 23 फरवरी को होना है।इसके लिए अलग-अलग जिलों में मतदान दल पोलिंग बूथ के लिए रवाना हो चुके हैं। इसी कड़ी में रामचन्द्रपुर और वाड्रफनगर विकासखंड क्षेत्र में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए 23 फरवरी को मतदान होगा। मतदान के लिए मतदान दलों को रामानुजगंज के शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय और वाड्रफनगर के स्वामी आत्मानंद विद्यालय से सामग्री वितरण कर रवाना किया गया। आपको बता दें कि बलरामपुर जिले में दो चरणों में चार विकासखंड क्षेत्रों में पंचायत चुनाव संपन्न हो चुका है। तीसरे और अंतिम चरण में वाड्रफनगर और रामचंद्रपुर के ग्राम पंचायतों में 23 फरवरी को सुबह 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक मतदान होगा।



#### दो हजार से अधिक मतदान कर्मियों की ड्यूटी

बलरामपुर जिले के वाड्रफनगर में 95 और रामचंद्रपुर में 94 पंचायतों में मतदान होना है, जिसके लिए वाड्रफनगर में 221 और रामचंद्रपुर में 256 मतदान केंद्र यानी कुल 477 मतदान केन्द्र बनाये गए हैं। इन केंद्रों में मतदान कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। जिसमें रामचंद्रपुर में 1076 और वाड्रफनगर में 932 यानी कुल 2008 मतदान कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई है।

#### कितनी है मतदाताओं की संख्या ?

बलरामपुर जिले के जनपद पंचायत क्षेत्र रामचंद्रपुर में तीसरे चरण में मतदान होगा। यहां मतदाताओं की संख्या 01 लाख 25 हजार 897 है।जिसमें पुरुष मतदाताओं की संख्या 63 हजार 748 एवं महिला मतदाताओं की संख्या 62 हजार 142 एवं तृतीय लिंग मतदाताओं की संख्या 07 है। रामानुजगंज तहसीलदार मनोज पैकरा ने जानकारी देते हुए बताया कि रामचंद्रपुर विकासखंड अंतर्गत कुल 256 मतदान केंद्र बनाए गए हैं।वहीं पुलिस के मुताबिक सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।

## सिपाही ने पत्नी को मार डाला, कमरे में मिला शव

**पटना।** बिहार के पटना में पत्नी की हत्या कर सिपाही फरार हो गया। घटना जिले के पीरबहोर थाना क्षेत्र की बतायी जा रही है। मृतका की पहचान दीपिका भारती के तौर पर हुई है। सूचना मिलने के बाद फॉरेंसिक की टीम जांच के लिए पहुंच गई है।




#### आरोपी बिहार पुलिस 2011 बैच का सिपाही है

बताया जा रहा है कि आरोपी बिहार पुलिस 2011 बैच का सिपाही धनंजय पुलिस लाइन में पोस्टेड है। दो माह पहले ही पीटीसी की ट्रेनिंग कर लौटा था। दोनों पति पत्नी थाना के पीछे सरकारी क्वार्टर के द्वितीय तल्ला में रहते थे। किसी बात को लेकर विवाद हुआ था।

#### कमरे में मिला शव, पति फरार

विवाद के बाद सिपाही पर गला दबाकर हत्या करने का आरोप लगा है। मृतका का शव बंद कमरे का ताला तोड़कर निकाला गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मौके पर एफएसएल की टीम को छानबीन के लिए बुलाया गया है।

#### दो दिन पहले महाकुंभ से लौटे थे

जानकारी के अनुसार दो दिन पहले पति-पत्नी प्रयागराज से महाकुंभ स्नान कर के लौटे थे। एक 5 साल की बच्ची है, जिसे कुंभ जाने से पहले नानी के घर पहुंचा दिया था। बताया जा रहा है कि दोनों की शादी साल 2016 में काफी धूमधाम से हुई थी।

## बढ़ सकती हैं उदित नारायण की मुश्किलें!

#### मानवाधिकार आयोग में याचिका दाखिल

**मुजफ्फरपुर।** बॉलीवुड के प्रसिद्ध प्लेबैक सिंगर उदित नारायण के विरुद्ध बिहार राज्य मानवाधिकार आयोग व राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के समक्ष दो अलग-अलग याचिका दाखिल की गई है। 'पहला नशा' और 'पापा कहते हैं बड़ा नाम करेगा' जैसे सुपरहिट गानों को आवाज दे चुके उदित नारायण झा की पहली शादी बिहार में रंजना झा से हुई थी। उन दिनों उनका इतना बड़ा क्रेज नहीं था।



#### पति के साथ रहना चाहती हैं पहली पत्नी

उदित नारायण की पहली पत्नी रंजना नारायण झा अपने पति के साथ रहना चाहती है और उम्र व स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए रंजना झा का पति के साथ रहना जरूरी भी है। रंजना झा पत्नी का दर्जा प्राप्त करने और अपने अधिकारों के लिए वर्षों से संघर्ष कर रही हैं। ऐसे में इस मामले में अब एक नया मोड़ आ गया है। मानवाधिकार मामलों के अधिवक्ता एसके झा अब इस पूरे मामले को लेकर मानवाधिकार आयोग पहुंच गये हैं। उन्होंने एनएचआरसी व बीएचआरसी में दो अलग-अलग याचिका दाखिल की है।

#### उदित नारायण के खिलाफ मानवाधिकार आयोग में याचिका

जब वे बिहार छोड़कर मुंबई चले गये तो वहां पर नेपाल की सिंगर दीपा गहतराज से उन्हें प्यार हो गया और उन्होंने शादी रचा ली। उदित नारायण की पहली शादी वर्ष 1984 में रंजना झा से हुई थी।

## झारखंड में फिर आंधी तूफान के साथ ओलावृष्टि

#### 21 जिलों के लिए ऑरेंज और येलो अलर्ट

एजेंसी । रांची

झारखंड में इन दिनों लगातार मौसम में बदलाव हो रहा है। बीते दिनों में जमकर बारिश के साथ ओलावृष्टि हुई है, जिसके बाद से मौसम का मिजाज पूरी तरह से बदल गया है। मौसम केंद्र, रांची ने मौसम का ताजा अपडेट जारी किया है। मौसम केंद्र के अनुसार 22 फरवरी को 21 जिलों में थंडर स्टॉर्म, तेज हवा के झोंके चलने और कहीं-कहीं ओलावृष्टि होने का येलो और ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। जिन तीन जिलों के लिए कोई अलर्ट जारी नहीं है, उनमें पलामू, गढ़वा और चतरा शामिल हैं।



#### इन जिलों के लिए ऑरेंज और येलो अलर्ट

मौसम केंद्र ने 22 फरवरी को जिन 13 जिलों के लिए थंडर स्टॉर्म, 40-50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा के झोंके और ओलावृष्टि का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है, उनमें सिमडेगा, खूंटी, रांची, रामगढ़, बोकारो, गिरिडीह, पश्चिम सिंहभूम, पूर्वी सिंहभूम, सरायकेला खरसावां, धनबाद, जामताड़ा, देवघर और दुमका जिला शामिल हैं। वहीं, जिन 8 जिलों में आंधी, वज्रपात और तेज हवा को लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है, उनमें कोडरमा, हजारीबाग, लातेहार, लोहरदगा, गुमला, गोड्डा, साहिबगंज और पाकुड़ जिला शामिल हैं।

#### तोरपा में हुई सबसे अधिक बारिश

मौसम विभाग के अनुसार पिछले 24 घंटों में राज्य में सबसे अधिक 82 ।4 MM वर्षा खूंटी जिले के तोरपा में रिकॉर्ड किया गया है। इस दौरान राज्य में सर्वाधिक 35 ।6 तापमान सरायकेला खरसावां में रिकॉर्ड हुआ है। जबकि सबसे कम 12 ।4 तापमान रांची के नामकुम का रहा है।



## धान बोनस के लिए राशि जारी, छत्तीसगढ़ विनियोग विधेयक को मंजूरी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा के बजट सत्र की शुरुआत सोमवार से हो रही है। उससे पहले विष्णुदेव साय कैबिनेट ने बजट सत्र को लेकर कई अहम फैसले किए हैं। महानदी भवन में सीएम साय की अध्यक्षता में हुई मीटिंग में कई बड़े फैसलों पर साय कैबिनेट ने चर्चा की है। जिसमें सबसे अहम अनुपूरक अनुमान और छत्तीसगढ़ विनियोग विधेयक 2025 है। विष्णुदेव साय सरकार के अहम फैसलों की बात करें तो वित्तीय वर्ष 2024-25 के तीसरे अनुपूरक अनुमान पर चर्चा हुई है। इसके अलावा छत्तीसगढ़ विनियोग विधेयक-2025 के प्रारूप को मंजूरी दी गई है। साय कैबिनेट ने किसानों को नए और उन्नत किस्म के बीज मुहैया कराने के लिए छत्तीसगढ़ राज्य भण्डार क्रय नियम-2002 के नियम 4 में छूट दी है। इसके तहत क्रय नियम में शामिल प्रदत्त संस्थाओं की सूची में विस्तार का फैसला लिया गया है।

साय कैबिनेट में बीज के उपार्जन को लेकर चर्चा हुई है। सबसे पहले बीज निगम द्वारा राज्य के पंजीकृत बीज उत्पादक किसानों से बीज का उपार्जन किया जाएगा।

## व्यापार जगत

# निफ्टी-50 में जोमैटो और जियो फाइनेंशियल की एंट्री होगी

#### BPCL और ब्रिटानिया इंडस्ट्रीज को इंडेक्स से किया जाएगा बाहर

#### यह बदलाव 28 मार्च से प्रभावी होंगे

**नई दिल्ली।** नेशनल स्टॉक एचेंज (NSE) के बेंचमार्क इंडेक्सेज में जोमैटो और जियो फाइनेंशियल सर्विसेज की एंट्री होने वाली है। अपकमिंग सेमी-एनुअल चेंजेस में निफ्टी-50 इंडेक्स में जोमैटो और जियो फाइनेंशियल की यह एंट्री होगी। यह चेंजेस 28 मार्च 2025 से प्रभावी होंगे। ये दोनों कंपनियां इंडेक्स में भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (BPCL) और FMCG कंपनी ब्रिटानिया इंडस्ट्रीज की जगह लेंगी। ये बदलाव निफ्टी 50 इक्वल वेट इंटेक्स पर भी लागू होंगे।यह रीबैलेंसिंग 1 अगस्त से लेकर 31 जनवरी तक के एवरेज फ्रीफ्लोट मार्केट कैप पर बेस्ड है। NSE के एक नोट में कहा गया है कि जोमैटो का एवरेज फ्री-फ्लोट मार्केट कैपिटलाइजेशन 1,69,837 करोड़ रुपए है। वहीं जियो फाइनेंशियल सर्विसेज का 1,04,387 करोड़ रुपए है। BPCL का मार्केट कैपिटलाइजेशन 60,928 करोड़ रुपए और ब्रिटानिया इंडस्ट्रीज का मार्केट कैप 64,151 करोड़ रुपए है। निफ्टी 50 इंडेक्स में शामिल होने के लिए किसी शेयर को F&O सेगमेंट का हिस्सा होना अनिवार्य है।

#### निफ्टी 50 में जोमैटो के शामिल होने से 70.2 करोड़ डॉलर इनफ्लो होगा




जेएम फाइनेंशियल्स का अनुमान है कि निफ्टी 50 इंडेक्स में जोमैटो के शामिल होने से 70.2 करोड़ डॉलर और जियो फाइनेंशियल से 40.4 करोड़ डॉलर का पैसिव इनफ्लो देखने को मिल सकता है। वहीं BPCL के इंडेक्स से हटने की वजह से 24 करोड़ डॉलर और ब्रिटानिया इंडस्ट्रीज के हटने से 26 करोड़ डॉलर का आउटफ्लो हो सकता है।

#### निफ्टी 100 इंडेक्स में बजाज हाउसिंग फाइनेंस को जोड़ा जाएगा

निफ्टी 100 इंडेक्स में भी कई चेंज होंगे। बजाज हाउसिंग फाइनेंस, सीजी पावर एंड इंडस्ट्रियल सॉल्यूशंस और हुंडई मोटर इंडिया को इंडेक्स में जोड़ा जाएगा। वहीं अडाणी टोटल गैस, BHEL, IRCTC, NHPC और यूनियन बैंक ऑफ इंडिया को इंडेक्स से हटाया जाएगा।

#### निफ्टी-200 इंडेक्स में भी कई बड़े बदलाव होंगे

निफ्टी-200 इंडेक्स में भी बड़ा बदलाव दिखेगा। नए एडिशंस में ग्लेनमार्क फार्मा, मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज, नेशनल एल्युमीनियम कंपनी (नाल्को) और NTPC ग्रीन एनर्जी शामिल हैं। इसके अलावा ओला इलेक्ट्रिक, प्रीमियर एनर्जीज, विशाल मेगा मार्ट और वारी एनर्जीज को भी निफ्टी 200 में जोड़ा जाएगा। निफ्टी-200 से बाहर किए जाने वाले स्टॉक्स में बालकृष्ण इंडस्ट्रीज, डेल्हीवरी, फर्टिलाइजर्स एंड केमिकल्स त्रावणकोर, IDBI Bank, इंडियन ओवरसीज बैंक, JSW इंफ्रा, MRPL, NLC India, पूनावाला फिनकॉर्प, सुंदरम फाइनेंस और टाटा केमिकल शामिल हैं।

## केंद्र सरकार ने कोचिंग सेंटरों पर कसी नकेल

#### छात्रों को 1.56 करोड़ की राशि वापस दिलाई

एजेंसी । नई दिल्ली

केंद्र सरकार के उपभोक्ता मामलों के विभाग (डीओसीए) ने शिक्षा क्षेत्र में 600 से अधिक छात्रों को राहत देते हुए 1.56 करोड़ की राशि का रिफंड दिलाया है। ये छात्र सिविल सेवा, इंजीनियरिंग और अन्य पाठ्यक्रमों के लिए विभिन्न कोचिंग सेंटरों में नामांकित थे, लेकिन संस्थानों द्वारा निर्धारित नियमों का पालन करने के बावजूद उचित रिफंड से वंचित कर दिए गए थे। राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन (एनसीएच) के माध्यम से छात्रों द्वारा दर्ज शिकायतों के आधार पर डीओसीए ने त्वरित कार्रवाई की, जिससे छात्रों को अधूरी सेवाओं, कक्षाओं में देरी और रद्द किए गए पाठ्यक्रमों के लिए मुआवजा प्राप्त करने में मदद मिली।

#### छात्रों के हितों की सुरक्षा के लिए सख्त निर्देश



डीओसीए ने कोचिंग सेंटरों को निर्देश दिया है कि वे छात्र-केंद्रित दृष्टिकोण अपनाएं और छात्रों के वित्तीय हितों की रक्षा के लिए स्पष्ट और पारदर्शी रिफंड नीतियों को अनिवार्य रूप से लागू करें। विभाग ने यह भी स्पष्ट किया कि वैध रिफंड दावों को अस्वीकार करने की अनुचित प्रथा को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, और सभी शैक्षिक संस्थानों को उपभोक्ता अधिकारों का सम्मान करने का निर्देश दिया है।

#### राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन बनी कारगर माध्यम

उपभोक्ता मामलों के विभाग ने शिकायत निवारण तंत्र को मजबूत करने और छात्रों को उनके अधिकारों के प्रति सशक्त बनाने की प्रतिबद्धता जताई है। एनसीएच ने छात्रों को बिना लंबी कानूनी प्रक्रिया में उलझे उनके मुद्दों का समाधान दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

#### डीओसीए की पहल से छात्रों को राहत

डीओसीए छात्र अधिकारों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है और सभी प्रभावित छात्रों को राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित कर रहा है। विभाग ने कोचिंग सेंटरों को पारदर्शिता, जवाबदेही और छात्र-अनुकूल नीतियां अपनाने का भी निर्देश दिया है, ताकि भविष्य में इस तरह की समस्याओं से बचा जा सके।



## इस हफ्ते सोना महंगा हुआ, चांदी के दाम कम हुए

#### सोना 94 बढ़कर 86,092 पर पहुंचा, चांदी 806 गिरकर 97,147 पर आई

एजेंसी । मुंबई

इस हफ्ते सोने के दाम में तेजी देखने को मिली है। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन (IBJA) के अनुसार, पिछले शनिवार यानी 14 फरवरी को 10 ग्राम 24 कैरेट गोल्ड का दाम 85,998 रुपए था, जो अब यानी 22 फरवरी को 86,092 रुपए पर पहुंच गया है। यानी इस हफ्ते इसके दाम 94 रुपए बढ़े हैं। हालांकि चांदी के दाम में इस हफ्ते गिरावट रही। चांदी के दाम 806 रुपए कम होकर 97,147 रुपए प्रति किलो पर आ गई है। पिछले शनिवार को ये 97,953 रुपए प्रति किलो पर थी।

न्यूज़ ब्रीफ

### एनएसओ इंडिया ने 'भारत में डेटासेट और रजिस्ट्री का संग्रह, 2024' किया जारी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (MOSPI) ने 'भारत में डेटासेट और रजिस्ट्री का संग्रह, 2024' का नवीनतम संस्करण प्रकाशित किया है। यह नीति निर्माताओं, शोधकर्ताओं, शिक्षाविदों, छात्रों, विश्लेषकों, व्यवसायों और आम जनता को सरकारी डेटा तक आसान पहुंच प्रदान करने की एक महत्वपूर्ण पहल है।

यह व्यापक संसाधन भारत सरकार के 40 मंत्रालयों और विभागों से प्राप्त लगभग 270 डेटासेट और रजिस्ट्रियों को समेकित करता है। इसमें कृषि, स्वास्थ्य, शिक्षा, श्रम, ग्रामीण विकास, पर्यटन, सामाजिक न्याय, बैंकिंग समेत विभिन्न क्षेत्रों के आंकड़े शामिल हैं। इस पहल का उद्देश्य राष्ट्रीय सांख्यिकी प्रणाली को आधुनिक बनाना और डेटा-संचालित नीति निर्माण को सशक्त बनाना है।

### भारत में जल्द घट सकते हैं पेट्रोल-डीजल के दाम

**मुंबई।** भारत में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में जल्द ही कमी देखने को मिल सकती है। केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने हाल ही में इस संबंध में सकारात्मक संकेत दिए हैं। उन्होंने बताया कि अमेरिका सहित वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की आपूर्ति बढ़ने के कारण ईंधन की कीमतों में गिरावट आ सकती है, जिससे मुद्रास्फीति पर भी नियंत्रण पाने में मदद मिलेगी। अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल की आपूर्ति बढ़ीः वैश्विक स्तर पर तेल उत्पादन में वृद्धि हो रही है, जिससे कीमतों में गिरावट की संभावना है। अमेरिका-भारत ऊर्जा संबंधः भारत ने अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व वाले नए प्रशासन से संपर्क स्थापित कर लिया है, जिससे दोनों देशों के बीच ऊर्जा संबंध मजबूत हो सकते हैं। अर्जेंटीना सहित 40 देशों से तेल आयातः भारत विभिन्न देशों से तेल आयात करता है, जिससे कीमतों पर हरदीप सिंह पुरी ने यह भी स्पष्ट किया कि भारत का उद्देश्य तेल खरीद में डॉलर के इस्तेमाल को खत्म करना नहीं है। उन्होंने कहा, "अधिकांश लेनदेन डॉलर में होते हैं और यह हमेशा से चला आ रहा है।"

दुबई ओपन

## एंड्रीवा-टॉसन में खिताबी भिड़ंत

एजेंसी । दुबई



रूसी किशोरी मीरा एंड्रीवा दुबई ओपन टेनिस चैंपियनशिप के फाइनल में डेनमार्क की क्लारा टॉसन से भिड़ेंगी। 17 वर्षीय एंड्रीवा ने शुक्रवार को सेमीफाइनल में एलिना रायबाकिना को 6-4, 4-6, 6-3 से हरा दिया। वह दुबई ओपन के फाइनल में पहुंचने वाली सबसे कम उम्र की खिलाड़ी बन गई हैं। उन्होंने पिछले साल जुलाई में रोमानिया के इयासी में जीत हासिल की थी। दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी आर्यना सबालेंका को हराने वाली टॉसन ने दूसरे सेमीफाइनल में चेक गणराज्य की कैरोलिना मुचोवा को 6-4, 6-7, 6-3 से पराजित किया।

## रुबलेव और ड्रेपर ताज के लिए आमने-सामने



एजेंसी । दोहा

रूस के आंद्रे रुबलेव कतर ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंच गए हैं। उन्होंने शुक्रवार को तीन सेट तक चले सेमीफाइनल में कनाडा के फेलिक्स ऑगर अलियासिमे को 7-5, 4-6, 7-6 से हरा दिया। कतर ओपन में दूसरी बार चैंपियन बनने के लिए रुबलेव के सामने जैक ड्रेपर की चुनौती होगी। ग्रेट ब्रिटेन के ड्रेपर ने एक अन्य सेमीफाइनल में चेक खिलाड़ी जिरी लेहेका को 3-6, 7-6, 6-3 से शिकस्त दी। ड्रेपर ने रुबलेव के खिलाफ अब तक तीन मैच खेले हैं और सभी में हार गए। रुबलेव यहां तीसरी बार फाइनल में पहुंचे हैं। वह 2018 में हार गए थे लेकिन 2020 में खिताब जीता था।

# विश्व कप में 35 सदस्यीय दल की अगुआई करेंगी भाकर



एजेंसी । नई दिल्ली

दो ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर दक्षिण अमेरिका में अप्रैल में होने वाले सत्र के पहले निशानेबाजी विश्व कप में 35 सदस्यीय भारतीय टीम की अगुआई करेंगी। अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी सत्र दक्षिण अमेरिका में दो चरण के विश्व कप के साथ शुरू होगा। पहला टूर्नामेंट अर्जेंटीना के ब्यूनस आयर्स में एक से 11 अप्रैल और दूसरा पेरू के लीमा में 13 से 22 अप्रैल के बीच खेला जाएगा।

### दो स्पर्धाओं में उतरेंगी

मनु विश्व कप में महिलाओं की एयर पिस्टल और 25 मीटर पिस्टल में भाग लेंगी। उनके साथ पेरिस ओलंपियन अनीश भानवाला और विजयवीर सिद्धू (25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल), ऐशा सिंह (25 मीटर पिस्टल), ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर (50 मीटर राइफल थ्री पोजिशंस), सिफत कौर सामरा और श्रेयांका साडंगी (50 मीटर राइफल थ्री पोजिशंस), अर्जुन बबूता (दस मीटर एयर राइफल), पृथ्वीराज टोंडाइमान (ट्रैप), अनंत जीत सिंह नरूका (स्कीट) और रेइजा ढिल्लों (महिला स्कीट) भी टीम में हैं। भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ ने यहां 14 मार्च से टीम के लिए अभ्यास शिविर का आयोजन किया है। संघ ने बयान में कहा, हर वर्ग में विश्व कप के तीन चरण होंगे जबकि दो जूनियर विश्व कप भी खेले जाएंगे। विश्व कप का दूसरा चरण सितंबर में दिल्ली में होगा। अगस्त में कजाखस्तान में 16वीं एशियाई चैंपियनशिप भी है। संघ ने हाल में मनु के कोच जसपाल राणा को 25 मीटर पिस्टल कोच नियुक्त किया है जबकि जीतू राय 10 मीटर एयर पिस्टल कोच होंगे। राइफल में मुख्य कोच द्रोणाचार्य पुरस्कार प्राप्त दीपाली देशपांडे को बनाया गया है जो पेरिस ओलंपिक कांस्य पदक विजेता स्वप्निल कुसाले की कोच हैं।

## गुलवीर को विश्व चैंपियनशिप का टिकट



एजेंसी । नई दिल्ली

भारत के एशियाई खेलों के कांस्य विजेता गुलवीर सिंह ने इस साल के आखिर में होने वाली विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई कर लिया है। उन्होंने अमेरिका के बोस्टन में एक इनडोर प्रतियोगिता में 5000 मीटर दौड़ में एशियाई इंडोर रिकॉर्ड तोड़कर यह उपलब्धि हासिल की। उन्होंने शुक्रवार को बोस्टन में टेरियर डीएमआर चैलेंज इनडोर प्रतियोगिता में 12 मिनट और 59.77 सेकंड का समय लेकर चौथा स्थान हासिल किया। पुरुषों की 5000 मीटर दौड़ में क्वालीफाई करने का मानक 13 मिनट 01 सेकंड है। इस तरह वह 13 मिनट से कम समय में 5000 मीटर दौड़ने वाले पहले भारतीय बन गए। विश्व एथलेटिक्स 13 से 21 सितंबर के बीच टोक्यो में आयोजित की जाएगी।

## शीर्ष वरीय ज्वेरेव को हरा कोमेसाना ने किया उलटफेर

एजेंसी । रियो डि जिनेरियो



अर्जेंटीना के फ्रांसिस्को कोमेसाना ने पिछड़ने के बाद शीर्ष वरीय अलेक्जेंडर ज्वेरेव पर सनसनीखेज जीत हासिल कर एटीपी 500 रियो ओपन टेनिस के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। कॉमेसाना ने शनिवार को दो घंटे, 31 मिनट में 4-6, 6-3, 6-4 से जीत हासिल की। विश्व रैंकिंग में 86वें स्थान पर काबिज कोमेसाना अब फ्रांस के अलेक्जेंडर मुलर से भिड़ेंगे। मुलर ने एक अन्य क्वार्टर फाइनल में अर्जेंटीना के ही फ्रांसिस्को सेरुंडोलो को 7-6, 5-1 से हराया। दूसरे सेमीफाइनल में अर्जेंटीना के कैमिलो उगो काराबेली का सामना पांचवें वरीय अपने ही देश के सेबेस्टियन बेज से होगा। बेज ने चीनी ताइपे के त्सेंग चुन-हसिन को 6-4, 6-1 से हराया जबकि उगो ने पुर्तगाल के जैमे फारिया पर 7-6, 6-4 से जीत दर्ज की।

## गिल नंबर एक बल्लेबाज का हकदार : पोंटिंग



एजेंसी । दुबई

चैंपियंस ट्राफी में बांग्लादेश के खिलाफ शतकीय पारी खेलने वाले शुभमान गिल की तारीफ करते हुए ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग ने कहा कि 25 वर्षीय प्रतिभाशाली भारतीय बल्लेबाज दुनिया का नंबर एक बल्लेबाज बनने की कुव्वत रखता है। 'आईसीसी रिव्यू पॉडकास्ट पर संजना गणेशन से पोंटिंग ने कहा, वह अभी दुनिया का नंबर एक बल्लेबाज बनने का पूरी तरह से हकदार है। यह भारत के लिए अच्छा संकेत है कि उसने चैंपियंस ट्रॉफी के पहले गेम में ही अपना खाता खोल लिया है। वह कई वर्षों से बहुत, अच्छा अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी रहा है। पिछले तीन-चार वर्षों में उनका सफेद गेंद क्रिकेट उत्कृष्ट रहा है। गिल की वनडे में, विशेषकर तेज गेंदों पर बाउंड्री लगाने की क्षमता पर उन्होंने कहा, वह पावर प्ले में शुरुआत में अच्छा और आक्रामक हो सकता है। वह बड़ा हिटर नहीं है मगर वह स्वाभाविक रूप से खेल सकता है।

## दिन में बस एक बार भोजन करता हूं : शमी

एजेंसी । दुबई



भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने 34 वर्ष की उम्र में भी मैच फिट रहने के राज का खुलासा क्रिकेट प्रेमियों के सामने किया है। उन्होंने कहा है कि वह दिन में केवल एक बार भोजन करना पसंद करते हैं। उन्हें कभी भी स्वादिष्ट व्यंजनों की लालसा नहीं हुई। शमी ने चैंपियंस ट्रॉफी में भारत के बांग्लादेश के खिलाफ पहले मैच में शानदार प्रदर्शन करते हुए पांच विकेट हासिल किए थे। इस बीच वह वनडे में सबसे कम मैच में 200 विकेट हासिल करने वाले भारतीय गेंदबाज बने थे।

### नौ किलो वजन कम किया

शमी ने कहा कि जब वह चोट से उबर रहे थे तो उनका वजन काफी बढ़ गया था। उन्होंने कहा, वापस पहले वाली स्थिति में आने के लिए रिहैबिलिटेशन के दौरान मैंने लगभग नौ किलो वजन कम किया। मेरा वजन लगभग 90 किलो तक पहुंच गया था।

### दस साल से हो गई आदत

शमी ने एक टीवी शो में कमेंटेटर नवजोत सिंह सिद्धू से कहा, 2015 के बाद मैं दिन में केवल एक बार भोजन करता हूं। मैं केवल रात का खाना खाता हूं। न नाश्ता, न दोपहर का भोजन। ऐसा करना बहुत मुश्किल है लेकिन एक बार जब आपको इसकी आदत हो जाती है तो यह बहुत आसान हो जाता है। यह तेज गेंदबाज टखने की चोट के कारण वनडे विश्व कप 2023 के फाइनल के बाद 14 महीने तक बाहर रहा। उन्हें इस चोट के लिए सर्जरी करानी पड़ी थी।

## प्रसारण में मेजबान का नाम हटाए जाने से पीसीबी खफा

एजेंसी । कराची

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने चैंपियंस ट्रॉफी में भारत और बांग्लादेश के बीच गुरुवार को हुए मैच के सीधे प्रसारण के दौरान दिखाए गए टूर्नामेंट के लोगो में देश का नाम न होने पर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के सामने नाराजगी व्यक्त की है। भारत-बांग्लादेश मैच के प्रसारण में ऊपर बाएं तरफ जो लोगो लगा था, उसमें केवल चैंपियंस ट्रॉफी 2025 लिखा था। उसमें मेजबान पाकिस्तान का नाम नहीं था। सूत्रों के अनुसार आईसीसी ने गलती स्वीकार कर ली है। सूत्र ने बताया, आईसीसी ने पीसीबी को आश्वासन दिया है कि वह दुबई में खेले जाने वाले सभी मैच में पाकिस्तान के नाम के साथ तीन पंक्ति वाला लोगो उपयोग करेगा जैसा कि 19 और 21 फरवरी को कराची में खेले गए मैचों में इस्तेमाल किया गया था।




मुंबई के मैदानों से

## पूनावाला मल्टी-मिलियनः प्रोकोफिव बेहतर

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

रविवार शाम को महालक्ष्मी रेसकोर्स पर कई रंगा-रंग कार्यक्रमों के साथ जुवेनाईल घोड़ों की सबसे प्रतिष्ठित दौड़ पूनावाला मल्टी-मिलियन का आयोजन किया जा रहा है। दौड़ में देश भर से नवोदित 16 प्रतिभाशाली घोड़े हिस्सा ले रहे हैं। अपनी पिछली दौड़ में शानदार तरीके से जीत हासिल करने वाले प्रोकोफिव इनमें बेहतर नजर आ रहा है और उसके जीत की संभावना है। दौड़ के प्रायोजक पूनावाला ब्रदर्स की ओर से शौकीनों के लिए कई आकर्षक उपहार रखे गए हैं, जिन्हें जीतने के लिए महालक्ष्मी रेसकोर्स पर बड़ी संख्या में शौकीनों के पहुंचने के आसार हैं। कुल सात दौड़ें आयोजित की जाने वाली है। पहली दौड़ शाम 4.30 बजे आरंभ होगी। विभिन्न दौड़ों के लिए हमारे चयन इस प्रकार हैः
1- बशीर (प्र.), चागल (द्वि.), 2- गॉर्डन (प्र.), ब्लैक थंडर (द्वि.), 3- गियाकोमो (प्र.), ईस्टर्न मोनॉर्क (द्वि.), 4- प्रोकोफिव (प्र.), रेड बिशप (द्वि.), 5- वेलेनेले (प्र.), मिस्टी (द्वि.), 6- क्रेडेन्स (प्र.), एस्केप वेलोसिटी (द्वि.), 7- रेमी रेड (प्र.), कॉन्टिनेन्टल ड्रिफ्ट। दिन का सर्वोत्तमः गॉर्डन।

## आकिब जावेद ने मुदस्सर नजर की मदद ली

एजेंसी । दुबई



पाकिस्तान के अंतरिम मुख्य कोच और चयनकर्ता आकिब जावेद ने भारत के खिलाफ रविवार को यहां होने वाले अहम मुकाबले के लिए टीम को तैयार करने में मदद के लिए पूर्व साथी मुदस्सर नजर की मदद ली है। आकिब ने मुदस्सर को दुबई में पाकिस्तान टीम के नेट सत्र में बुलाया ताकि वह खेल की परिस्थितियों, विशेषकर किसी भी हालिया बदलाव पर अपनी राय साझा कर सकें। एक सूत्र ने बताया कि कई वर्षों से दुबई में रह रहे मुदस्सर को स्थानीय परिस्थितियों का अच्छा ज्ञान है। वह अभी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद की अकादमी में काम करते हैं।

## टॉप्स खिलाड़ियों की हर छह महीने पर समीक्षा

एजेंसी । नई दिल्ली

TOP
Target Olympic Podium

खेल मंत्रालय की टारगेट ओलंपिक पोडियम योजना (टॉप्स) के लिए चुने गए खिलाड़ियों को इस ओलंपिक चक्र में अभ्यास और विदेश में स्पर्धाओं के दौरान मिलने वाले भत्ते में बढ़ोतरी की जाएगी लेकिन उन्हें हर छह महीने में समीक्षा की प्रक्रिया के तहत शारीरिक और मनोवैज्ञानिक टेस्ट देने होंगे। टॉप्स का कोर समूह 179 से घटाकर 94 कर दिया गया है और डेवलपमेंटल सूची में 112 खिलाड़ी हैं। सूची में शामिल खिलाड़ियों को विदेश में अभ्यास या स्पर्धा के दौरान 25 अमेरिकी डॉलर प्रतिदिन और 50,000 रुपये (कोर समूह) और 25,000 रुपये (डेवलपमेंटल समूह) महीना दिया जाएगा। भारतीय खेल प्राधिकरण के मिशन ओलंपिक सेल के एक सदस्य ने बताया, हम कोशिश कर रहे हैं कि चोटों में कमी आए। इसके लिए नियमित तौर पर शारीरिक और मनोवैज्ञानिक टेस्ट होंगे। पहले भी टेस्ट होते थे लेकिन अब हमने अवधि तय कर दी है और ये टेस्ट अनिवार्य होंगे।

## दिव्या ने किया रश्मिका मंदाना को सपोर्ट



फिल्म 'छावा' में दिव्या दत्ता ने सोयराबाई की भूमिका निभाई है। इस भूमिका में उनके अभिनय को काफी सराहा गया है, जबकि फिल्म में उनके हिस्से बहुत अधिक सींस नहीं थे। वहीं फिल्म में रश्मिका मंदाना ने भी येशूबाई की भूमिका की, जो विक्की कौशल के किरदार संभाजी महाराज की पत्नी हैं। इस किरदार में रश्मिका के अभिनय को कुछ दर्शकों ने पसंद नहीं किया है। रश्मिका की सोशल मीडिया पर काफी आलोचना हो रही है। ऐसे में दिव्या दत्ता ने उन्हें सपोर्ट किया है।

### रश्मिका को लेकर दिव्या ने क्या कहा

दिव्या दत्ता ने हाल ही में इंडिया टुडे को दिए गए इंटरव्यू में कहा है कि रश्मिका मंदाना की पिछली फिल्में हिट रही हैं, ऐसे में उनमें कोई तो बात होगी कि दर्शक इस तरह का रेस्पॉन्स देते हैं। वह बताती हैं कि रश्मिका बहुत प्यारी लड़की हैं, उनकी आंखें पर्दे पर मन को मोह लेती हैं। वह एक अच्छी एक्ट्रेस हैं।

### अपने किरदार को लेकर क्या सोचती हैं

अपने किरदार के बारे में दिव्या दत्ता बताती हैं कि मैंने फिल्म 'छावा' में सोयराबाई का रोल किया है, इसके लिए दर्शकों की तरफ से सराहना मिली है। साथ ही कुछ लोगों का कहना है कि मेरे किरदार को लंबा होना चाहिए था। लेकिन सबसे अहम बात है कि हमारी फिल्म बॉक्स ऑफिस पर चल रही है। फिल्म 'छावा' में विक्की कौशल, रश्मिका मंदाना, दिव्या दत्ता के अलावा आशुतोष राणा, प्रदीप राम सिंह रावत, संतोष जुवेकर सिंह, डायना पेंटी ने अहम भूमिकाएं निभाई हैं। साथ ही औरंगजेब के रोल में अक्षय खन्ना और कवि कलश के रोल में विनीत कुमार नजर आए हैं। इन सभी कलाकारों को दर्शकों ने काफी सराहा है।



## रणबीर कपूर की 'एनिमल' की तारीफ करते दिखे अल्लू अर्जुन

रणबीर कपूर की साल 2023 में रिलीज हुई फिल्म 'एनिमल' बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर साबित हुई। इसे दर्शकों से भी काफी तारीफें मिलीं। हालांकि, फिल्म में दिखाए गए कुछ हिंसक दृश्यों पर आलोचनाएं भी झेलनी पड़ी और विवाद भी हुए। मगर, बॉक्स ऑफिस पर फिल्म बेहतर प्रदर्शन करने में कामयाब साबित हुई। अब हाल ही में अभिनेता अल्लू अर्जुन इस फिल्म की तारीफ करते नजर आए।





### रणबीर के अभिनय की तारीफ की

हाल ही में अल्लू अर्जुन ने इस फिल्म में रणबीर कपूर के अभिनय की जमकर तारीफ की। दरअसल, हॉलीवुड रिपोर्टर इंडिया से बातचीत के दौरान अल्लू से पूछा गया कि क्या ऐसी कोई फिल्म है, जिसे देखकर उन्होंने सोचा कि उन्हें वह करनी चाहिए? इस पर अल्लू अर्जुन ने कहा कि नहीं, ऐसी कोई फिल्म नहीं जिसे वह करना चाहते, लेकिन कुछ फिल्में उन्हें पसंद जरूर आईं। इनमें एक 'एनिमल' है।
अल्लू अर्जुन ने फिल्म 'एनिमल' के बारे में बात करते हुए कहा कि इसमें रणबीर कपूर ने कमाल का अभिनय किया। एक्टर ने कहा, 'मैं हर किस्म की फिल्में देख सकता हूं। फिर चाहें वह एक्शन हो, रोमांटिक ड्रामा हो, कॉमेडी या फिर कुछ और। कॉमेडी और डार्क मर्डर मिस्ट्री मुझे बहुत पसंद है। अगर वे फिल्में अच्छी बनी हों तो मैं उन्हें जरूर देखना पसंद करूंगा'।

## 'दृश्यम 3' में एक नई कहानी पेश करेंगे अजय देवगन



साल 2015 में आई 'दृश्यम' फिल्म ने लोगों का दिल जीत लिया। फिल्म में अजय देवगन ने जबरदस्त एक्टिंग की थी। यह फिल्म इतनी चली कि फिल्म निर्माताओं ने सात साल के बाद 'दृश्यम 2' बनाई। यह फिल्म ब्लकबस्टर साबित हुई। पिंकविला के मुताबिक अब अजय देवगन 'दृश्यम 3' में नजर आने वाले हैं।

### 'दृश्यम 3' की करेंगे शूटिंग

सूत्रों ने बताया है कि अजय देवगन को एक फिर से 'दृश्यम 3' के लिए चुना गया है। सोर्स ने बताया कि 'अजय देवगन जुलाई से अगस्त तक दूसरी फिल्मों में शूटिंग करने वाले थे लेकिन अब वह दृश्यम 3 में काम करेंगे. कुछ हफ्तों पहले अभिषेक पाठक और लेखक, अजय देवगन के घर गए और उन्होंने अजय देवगन को दृश्यम 3 के बारे में बताया। इसके बाद अजय देवगन दृश्यम 3 में काम करने के लिए राजी हुए।

## 'हनुमान' के बाद फिर बॉक्स ऑफिस पर गर्दा उड़ाने आ रहे तेजा सज्जा

साल 2024 में तेजा सज्जा ने फिल्म 'हनुमान' से खूब चर्चा बटोरी। कम बजट की इस फिल्म ने साउथ से लेकर हिंदी पट्टी तक जमकर कमाई की। तेजा अब इस साल फिल्म 'मिराई' के जरिए दर्शकों तक पहुंचने को तैयार हैं। पैन इंडिया स्टार बन चुके तेजा सज्जा की इस फिल्म की रिलीज डेट का आज शनिवार को एलान हो चुका है।



### कब होगी रिलीज?

फिल्म 'मिराई' इस साल अगस्त में सिनेमाघरों में दस्तक देगी। यह फिल्म 01 अगस्त 2025 को रिलीज होगी। आज फिल्म का पोस्टर साझा करते हुए तेजा सज्जा ने यह जानकारी दी है। उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर किया है। फिल्म 'मिराई' का निर्देशन कार्तिक घट्टमनेनी कर रहे हैं। फिल्म 'हनु-मान' ने तेजा सज्जा को पैन इंडिया स्टार बना दिया। उनकी फिल्म 'मिराई' का भी दर्शकों को इंतजार है। यह एक एक्शन-एडवेंचर फिल्म बताई जा रही है। कार्तिक घट्टमनेनी के निर्देशन में बनी फिल्म को टीजी विश्व प्रसाद और कृति प्रसाद प्रोड्यूस कर रहे हैं। इस फिल्म में तेजा सज्जा के अलावा मनोज मांचू और ऋतिका नायक भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगी।

## न्यूज़ ब्रीफ

### शिवराज सिंह चौहान को फ्लाइट में टूटी सीट मिलने से हरकत में आया DGCA

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान को एयर इंडिया की फ्लाइट में टूटी हुई सीट मिलने का नागरिक उड्डयन महानिदेशालय हरकत में आ गया है। DGCA ने इस पूरे मामले पर एयर इंडिया से जवाब मांगा है। शिवराज सिंह चौहान ने इस पूरे मामले पर अपनी बात रखते हुए खराब गुणवत्ता देने के लिए एयर इंडिया की आलोचना की थी। उन्होंने कहा कि भोपाल से दिल्ली की यात्रा के दौरान एयर इंडिया की फ्लाइट में उन्हें टूटी और धंसी हुई सीट दी गई थी। क्या यह यात्रियों के साथ धोखा नहीं है? सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर अपनी बात रखते हुए कृषि मंत्री ने लिखा,'मुझे बैठने में असुविधा होने से कोई दिक्कत नहीं है, लेकिन यात्रियों से पूरा किराया वसूलने के बाद उन्हें खराब और असुविधाजनक सीटों पर बैठाना अनैतिक नहीं है? क्या यह यात्रियों के साथ धोखा नहीं है?'

### कोलकाता तिहरे हत्याकांड में महिलाओं के पतियों के गिरफ्तारी की तैयारी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता में तिहरे हत्याकांड से हर कोई स्तब्ध रह गया था, लेकिन इस मामले में उस वक्त लोग और हैरान रह गए। जब परिवार के तीन पुरुष एक सड़क हादसे में गंभीर रुप से घायल हो गए थे। वहीं इस मामले में एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि कोलकाता में जिस घर में जिन दो महिलाओं के साथ एक लड़की का शव मिला था, उनके पतियों को गिरफ्तार किए जाने की संभावना है। पुलिस अधिकारी के मुताबिक, पतियों को गिरफ्तार करने का फैसला पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद लिया गया, जिसमें बताया गया कि दोनों महिलाओं और लड़की की हत्या की गई थी, जिससे यह अटकलें खारिज हो गईं कि तीनों ने आत्महत्या की है। बता दें कि, बुधवार 19 फरवरी की सुबह शहर में मेट्रो रेल के खंभे से कार के टकराने के बाद घायल हुए पुरुष सदस्यों के परिवार के तीन महिला सदस्य अपने तेंगरा में मौजूद घर में मृत पाए गए। घायलों में से एक ने पुलिस को अपने परिवार में हुई मौतों के बारे में जानकारी दी थी।

### यूरोपीय संघ का नेतृत्व अगले सप्ताह आएगा भारत

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्रालय ने शनिवार को बताया कि यूरोपीय आयोग (ईयू) की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन अगले सप्ताह भारत आ रही हैं। मंत्रालय ने कहा, प्रधानमंत्री मोदी लेयेन के साथ प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता करेंगे। इससे प्रमुख क्षेत्रों में बढ़ते तालमेल को और मजबूत करने का मार्ग प्रशस्त होगा। विदेश मंत्रालय के अनुसार, उच्चस्तरीय यूरोपियन यूनियन कॉलेज ऑफ कमिश्नर्स के साथ लेयेन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निमंत्रण पर 27 और 28 फरवरी को भारत की यात्रा पर आएंगी। यह ईयू कॉलेज ऑफ कमिश्नर्स की पहली भारत यात्रा होगी। बयान में कहा गया है कि भारत-यूरोपीय संघ व्यापार एवं प्रौद्योगिकी परिषद (टीईसी) की दूसरी मंत्रिस्तरीय बैठक और यूरोपीय कमिशनर और उनके भारतीय समकक्षों के बीच द्विपक्षीय मंत्रिस्तरीय बैठकें भी होंगी।

### BJP सांसद बांसुरी स्वराज के खिलाफ मानहानि केस में सुनवाई टली

**नई दिल्ली।** दिल्ली के रोहिणी जिला कोर्ट ने शनिवार को बीजेपी सांसद बांसुरी स्वराज के खिलाफ मानहानि मामले की सुनवाई स्थगित कर दी। अब मामले की सुनवाई 14 जुलाई को होगी। यह फैसला जस्टिस नैना गुप्ता के छुट्टी पर रहने की वजह से लिया गया। इससे पहले कोर्ट ने 11 दिसंबर 2024 को बंसुरी स्वराज को नोटिस जारी कर जवाब मांगा था। दरअसल, दिल्ली के पूर्व मंत्री और आम आदमी पार्टी के नेता सत्येन्द्र जैन ने भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज के खिलाफ मानहानि की शिकायत दर्ज की है, जिसमें आरोप लगाया गया है कि एक टीवी इंटरव्यू के दौरान किए गए कमेंट से उनकी इमेज खराब हुई है। जैन के मुताबिक बांसुरी स्वराज ने झूठा दावा किया कि उनके आवास से 3 करोड़ रुपए, 1.8 किलो सोना और 133 सोने के सिक्के बरामद हुए थे। उनका तर्क है कि ये आरोप निराधार थे और उनकी छवि खराब करने के लिए राजनीति से प्रेरित थे।

# तेलंगाना में टनल हादसा, 8 लोग फंसे

## पीएम मोदी ने सीएम को किया फोन

**एजेंसी । नागरकुरनूल**

तेलंगाना के नागरकुरनूल जिले में शनिवार को श्रीशैलम लेफ्ट बैंक नहर (एसएलबीसी) के निर्माणाधीन हिस्से में छत का एक हिस्सा ढह गया। हादसे में कम से कम 8 श्रमिकों के फंसे होने की आशंका है। पुलिस ने बताया कि निर्माण कंपनी की टीम आकलन के लिए अंदर गई है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि काम में लगी कंपनी की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार छह से आठ श्रमिकों के फंसे होने की आशंका है। वहीं घटना की जानकारी मिलने पर



पीएम नरेंद्र मोदी ने तेलंगाना के सीएम रेवंत रेड्डी को फोन करके बचाव कार्य की जानकारी ली। पीएम मोदी ने बचाव प्रयासों में सभी मदद और सहायता का आश्वासन दिया।

### केंद्रीय मंत्री ने दुर्घटना पर चिंता जताई

दुर्घटना पर चिंता जताते हुए केंद्रीय मंत्री जी किशन रेड्डी ने घटना के कारणों की जानकारी ली और अधिकारियों से फंसे लोगों को सुरक्षित निकालने को कहा। उनके कार्यालय से जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया कि उन्होंने अधिकारियों से घायलों (यदि कोई हो) को उपचार मुहैया कराने को भी कहा। उन्होंने कहा कि कुछ लोग फंसे हुए हैं। राज्य सरकार उन सभी लोगों को बचाने की कोशिश कर रही है। भारत सरकार की ओर से हम सभी आवश्यक सहायता प्रदान करने के लिए तैयार हैं। एनडीआरएफ की टीमें पहले से ही वहां मौजूद हैं।

### श्रमिक काम के सिलसिले में अंदर गए थे

अधिकारी ने कहा, 'घटना तब हुई, जब कुछ श्रमिक काम के सिलसिले में अंदर गए थे, तभी सुरंग के 12-13 किलोमीटर अंदर एक हिस्से की छत गिर गई।' हालांकि, मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति में हताहतों की संख्या नहीं बताई गई। उसमें संकेत दिया गया कि कुछ लोग घायल हुए हैं।

### सीएम ने जताया शोक

मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने जिला कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक और अन्य अधिकारियों को राहत उपाय करने के लिए दुर्घटना स्थल पर पहुंचने का निर्देश दिया है। घटना को लेकर सीएम रेवंत रेड्डी ने शोक व्यक्त किया। मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार राज्य के सिंचाई मंत्री एन उत्तम कुमार रेड्डी, सिंचाई मामलों के सरकारी सलाहकार आदित्यनाथ दास और अन्य सिंचाई अधिकारी विशेष हेलीकॉप्टर से घटनास्थल के लिए रवाना हुए हैं। तेलंगाना के सिंचाई मंत्री उत्तम कुमार रेड्डी एसएलबीसी सुरंग दुर्घटना स्थल पर पहुंचे और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की।

# आईएएस पूजा सिंघल की नियुक्ति पर रोक की ईडी की याचिका खारिज



**एजेंसी । रांची**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को झारखंड की विशेष पीएमएलए कोर्ट से झटका लगा है। कोर्ट ने आईएएस अधिकारी पूजा सिंघल को सरकारी पद पर नियुक्त करने से रोकने की ईडी की याचिका खारिज कर दी।

### अदालत का फैसला

शुक्रवार को विशेष पीएमएलए कोर्ट ने कहा कि राज्य सरकार को किसी अधिकारी को पद देने या न देने के संबंध में निर्देश देना उसके अधिकार क्षेत्र में नहीं आता। अदालत ने सोमवार को दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अपना फैसला सुरक्षित रखा था। ईडी ने 31 जनवरी को याचिका दायर कर मांग की थी कि पूजा सिंघल को कोई सरकारी पद न दिया जाए।

### पूजा सिंघल पर आरोप और जमानत

पूजा सिंघल को ईडी ने 11 मई, 2022 को झारखंड में मनरेगा योजना में भ्रष्टाचार और धन शोधन के आरोपों में गिरफ्तार किया था। गिरफ्तारी के एक दिन बाद ही सरकार ने उन्हें निलंबित कर दिया था। 7 दिसंबर, 2024 को पीएमएलए अदालत से जमानत मिलने के बाद 21 जनवरी को झारखंड सरकार ने उनका निलंबन रद्द कर दिया।

### नए पद पर नियुक्ति

हाल ही में हुए आईएएस अधिकारियों के फेरबदल में सरकार ने पूजा सिंघल को सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई-गवर्नेंस विभाग का सचिव और झारखंड संचार नेटवर्क लिमिटेड का सीईओ नियुक्त किया। ईडी की आपत्ति के बावजूद अदालत ने राज्य सरकार के फैसले को बरकरार रखा, जिससे अब पूजा सिंघल अपनी नई जिम्मेदारियों को संभाल सकेंगी।

## मराठी में बात न करने पर बस कंडक्टर से मारपीट मामले में बवाल

### हमला करने के आरोप में चार गिरफ्तार



**एजेंसी । बेंगलुरु**

कर्नाटक में मराठी में जवाब न देने पर बस कंडक्टर से मारपीट के मामले ने राजनीतिक रंग ले लिया है। जहां राज्य सरकार ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, वहीं कांग्रेस नेताओं ने इसके लिए भाजपा को जिम्मेदार ठहराया है।

बेलगावी जिले में एक बस में टिकट को लेकर विवाद हुआ। एक लड़की और उसका पुरुष साथी मराठी में बात कर रहे थे। बस कंडक्टर महादेवप्पा मल्लप्पा हुक्केरी ने कहा कि उसे मराठी नहीं आती और उनसे कन्नड़ में बात करने को कहा। इस पर लड़की ने गाली-गलौज की और कुछ अन्य लोगों ने कंडक्टर को पीट दिया। घायल कंडक्टर को बेलगावी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज में भर्ती कराया गया, जहां उसकी हालत खतरे से बाहर है। पुलिस ने हमले के आरोप में चार लोगों को गिरफ्तार किया है। हालांकि, 14 वर्षीय लड़की की शिकायत पर कंडक्टर के खिलाफ भी POCSO एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है। कर्नाटक के परिवहन मंत्री रामलिंगा रेड्डी ने कहा कि पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है और उन्हें 14 दिन की हिरासत में भेज दिया गया है। कर्नाटक के मंत्री प्रियांक खरगे ने भाजपा को राज्य में कानून-व्यवस्था बिगाड़ने का दोषी बताया। खरगे ने कहा, 'भाजपा इन चीजों को प्रोत्साहित करती है और राजनीतिकरण करती है। कांग्रेस बहुत अच्छे से शासन कर रही है, कानून-व्यवस्था मजबूत है।'

# ओडिशा में मालगाड़ी तीन डिब्बे रेलवे पटरी से उतरे

**एजेंसी । टिटलागढ़**

ओडिशा में शुक्रवार देर रात टिटलागढ़ से रायपुर जा रही एक मालगाड़ी के तीन डिब्बे पटरी से उतर गए, जिससे रेलवे यातायात में रुकावट आ गई। इसमें एक डिब्बा आंशिक रूप से पटरी के किनारे अटक गया, जबकि दो पूरी तरह से ट्रैक से नीचे आ गए। इस घटना में किसी की जान नहीं गई, जो राहत की बात है। रेलवे कर्मचारी मौके पर पहुंचकर हालात सुधारने में जुटे हैं।



### देरी से चल रही हैं ये ट्रेनें

रेलवे की तरफ से दी गई सूचना के अनुसार, 58218 रायपुर टीटागढ़ पैसेंजर - 3 घंटे 52 मिनट लेट है। 18005 समलेश्वरी एक्सप्रेस - 1 घंटा 20 मिनट देरी से चल रही है। वहीं, 18006 समलेश्वरी एक्सप्रेस 1 घंटा 02 मिनट लेट है। इसी तरह से 18425 पुरी दुर्ग एक्सप्रेस - 2 घंटे लेट है। 18426 दुर्ग पुरी एक्सप्रेस 3 घंटे 32 मिनट देरी से चल रही है।

### कई ट्रेनें प्रभावित

जानकारी के अनुसार ये हादसा टिटलागढ़-रायपुर रूट पर हुआ। रेलवे अधिकारी और तकनीकी विशेषज्ञ इस दुर्घटना के कारणों की जांच कर रहे हैं। इस वजह से इस रूट पर ट्रेन सेवाएं प्रभावित हो रहीं हैं। कई ट्रेनें अपने निर्धारित समय से विलंब से चल रहीं हैं।

### किसी जान-माल के नुकसान की खबर नहीं

रेलवे के एक अधिकारी ने बताया कि टिटिलागढ़ से रायपुर जा रही मालगाड़ी के तीन डिब्बे शुक्रवार को पटरी से उतर गए, जिससे रेलवे परिचालन में बाधा उत्पन्न हुई। एक डिब्बा आंशिक रूप से रेल पटरी के किनारे पर चढ़ गया, जबकि दो अन्य पूरी तरह से पटरी से उतर गए। इस घटना में किसी की जान जाने की सूचना नहीं है। रेलवे के अधिकारी, जिनमें विभाग के एक तकनीशियन भी शामिल हैं, वर्तमान में घटना के कारणों की जांच कर रहे हैं।

## चीनी लोन-एप मामले में केरल से दो गिरफ्तार




**एजेंसी । नई दिल्ली**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने चीनी एप से जुड़े ऋण धोखाधड़ी संबंधी धनशोधन मामले में केरल से दो नई गिरफ्तारियां की हैं। संघीय एजेंसी ने एक बयान में कहा कि सईद मुहम्मद और वर्गीस टीजी को बृहस्पतिवार को ईडी के कोच्चि कार्यालय ने हिरासत में लिया। जनवरी में, ईडी ने इस मामले की जांच के तहत अवैध रूप से सिंगापुर धन भेजने के आरोप में तमिलनाडु से चार लोगों को गिरफ्तार किया था। धनशोधन का यह मामला कुछ पीड़ितों की शिकायतों पर केरल और हरियाणा पुलिस में दर्ज की गई कई प्राथमिकियों पर आधारित है। शिकायतों में कहा गया था कि लोन देने के नाम पर उन्हें ब्लैकमेल कर उनसे जबरन धन वसूला गया।

## मालदा के एक और टीएमसी नेता ने जान को खतरा होने का किया दावा

**एजेंसी । मालदा**



इंग्लिश बाजार नगर पालिका के अध्यक्ष कृष्णेंदु नारायण चौधरी ने शुक्रवार को दावा किया कि उन्हें जान से मारने की धमकी मिली है। चौधरी ने आरोप लगाया कि उनके मोबाइल फोन पर खुद को 'डी कंपनी' के सदस्य के रूप में बताने वाले एक व्यक्ति ने 20 लाख रुपये की मांग की। साथ ही उसने फिरौती न देने पर जान से मारने की भी धमकी दी। चौधरी का दावा इंग्लिश बाजार नगर पालिका के टीएमसी पार्षद दुलाल सरकार की पिछले महीने गोली मारकर हत्या किए जाने के बाद आया है। वहीं, पुलिस ने कहा कि चौधरी के नेताजी मोर आवास पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है। उन्होंने बताया कि मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और जांच चल रही है।

## ब्रिटेन में विजय माल्या ने दिवाला आदेश रद्द करने की मांग रखी

**एजेंसी । लंदन**



भगोड़े कारोबारी विजय माल्या का कहना है कि भारतीय बैंकों द्वारा ब्रिटेन की अदालतों में उनके खिलाफ जारी दिवाला कार्यवाही में वैधता नहीं बची है। उन्होंने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के संसद में हाल में दिए एक बयान के मद्देनजर यह दावा किया। माल्या ने अपने वकीलों को रद्दीकरण आवेदन आगे बढ़ाने का निर्देश दिया है। माल्या के वकील लेह क्रेस्टोहल ने बताया, ब्रिटेन की इन दिवाला कार्यवाही में वैधता नहीं बची है। अब ऐसे साक्ष्य सामने आए हैं, जो बताते हैं कि बैंकों का न केवल कर्ज चुकाया गया है, बल्कि बैंकों ने माल्या से बकाया राशि से अधिक राशि वसूल की है। इसकी पुष्टि भारत की वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 17 दिसंबर 2024 को भारतीय संसद में दिए गए एक बयान में की, जिसमें उन्होंने कहा कि 14,131.6 करोड़ रुपये की राशि एकत्र की गई है और बैंकों को वापस कर दी गई है। क्रेस्टोहल ने इस बात पर जोर दिया कि यह मानकर चलना चाहिए कि सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक संसद में दिए गए मंत्री के बयान की सत्यता को स्वीकार करेंगे।

# मदन राठौड़ को दोबारा मिली प्रदेश BJP की कमान

## वसुंधरा राजे ने दे दिया 'एकजुट-नो गुट-एक मुख' का नारा

**एजेंसी । नई दिल्ली**

राज्यसभा सांसद मदन राठौड़ फिर भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष बन गए हैं। सात महीने में दूसरी बार मदन राठौड़ को राजस्थान भाजपा की कमान सौंपी गई है। सीएम भजनलाल शर्मा, पूर्व सीएम वसुंधरा राजे समेत तमाम नेताओं की मौजूदगी उनके नाम की घोषणा हुई। इस दौरान पूर्व सीएम वसुंधरा राजे ने एकजुट, नो गुट, एक मुख का नारा दिया। चुनाव प्रभारी गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी ने राठौड़ के नाम का ऐलान किया। इससे पहले शुक्रवार को प्रदेशाध्यक्ष पद के चुनाव के लिए



मदन राठौड़ के अलावा किसी भी दूसरे नेता ने फॉर्म नहीं भरा था। उसके बाद से ही उनका फिर से अध्यक्ष बनना तय हो गया था। जनसंघ से बीजेपी तक की यात्रा करने वाले मदन राठौड़ के पूर्व सीएम वसुंधरा राजे के साथ भी बेहतर संबंध रहे हैं।

### पहली बार 26 जुलाई 2024 को हुई थी नियुक्ति

मदन राठौड़ की पहली बार प्रदेशाध्यक्ष पद पर 26 जुलाई 2024 को नियुक्ति हुई थी। ऐसे में उन्हें इस पद पर करीब 7 महीने का समय ही हुआ था। प्रदेश प्रभारी राधा मोहन दास अग्रवाल संगठन की बैठकों में इस बात के संकेत दे चुके थे कि प्रदेशाध्यक्ष के पद पर मदन राठौड़ ही निर्वाचित होंगे। भाजपा ने सीपी जोशी के बाद मदन राठौड़ को प्रदेश अध्यक्ष जिम्मा सौंपा था। उनके नेतृत्व में भाजपा ने उप चुनाव में शानदार प्रदर्शन किया।

## नेपाली छात्रा की मौत को लेकर कांग्रेस ने किया प्रदर्शन




**एजेंसी । भुवनेश्वर**

ओडिशा में कलिंगा इंस्टीट्यूट ऑफ इंडस्ट्रियल टेक्नोलॉजी' (केआईआईटी) में नेपाली छात्रा के आत्महत्या और संस्थान से नेपाली छात्रों को बाहर निकाले जाने के मामले को लेकर शनिवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केआईआईटी के संस्थापक अच्युत सामंत की गिरफ्तारी की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। कांग्रेस के युवा और छात्र कार्यकर्ताओं ने केआईआईटी के गेट पर सामंत का पुतला जलाया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने संस्थान में घुसने की कोशिश की तो उनकी सुरक्षाकर्मियों के साथ हाथापाई हो गई। वहीं राज्य सरकार ने घटना के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने की बात कही है।

# उत्तराखंड में फॉरेस्ट फंड से आईफोन खरीदे गए

**CAG रिपोर्ट में खुलासा-फंड का इस्तेमाल लैपटॉप खरीदी में**

**एजेंसी । देहरादून**

उत्तराखंड में फॉरेस्ट कंजर्वेशन फंड का इस्तेमाल आई फोन और लैपटॉप खरीदने में किया गया। CAG रिपोर्ट में यह खुलासा किया गया है। फॉरेस्ट एंड हेल्थ डिपार्टमेंट और वर्कर्स वेलफेयर बोर्ड की 2021-22 की रिपोर्ट में बताया गया कि फंड का इस्तेमाल बिना योजना और इजाजत के किया गया था।



### रिपोर्ट में वृक्षारोपण पर चिंता

रिपोर्ट में कहा गया कि 2017 से 2022 तक जो वृक्षारोपण किया गया, उसमें से सिर्फ 33% वृक्ष ही जीवित रह पाए। यह फॉरेस्ट रिसर्च इंस्टिट्यूट की गाइडलाइंस के मानकों से बहुत नीचे हैं। इंस्टिट्यूट के मुताबिक वृक्षा रोपण के बाद 60-65% तक वृक्ष जीवित रहने चाहिए।

### सरकारी अस्पतालों में एक्सपायर दवाएं, डॉक्टर्स की कमी

CAG रिपोर्ट में कहा गया कि कम से कम 3 सरकारी अस्पतालों में 34 एक्सपायर दवाइयों का स्टॉक था। इसमें से कुछ दवाइयां तो 2 साल पहले ही एक्सपायर हो गई थीं। उत्तराखंड में सुपर स्पेशलिस्ट डॉक्टर की कमी है और इसकेक लिए नए रूल बनाए जाने की जरूरत है।रिपोर्ट में कहा गया पहाड़ी इलाकों में ऐसे डॉक्टर्स की 70% और मैदानी इलाकों में 50% पोस्ट खाली है। 250 डॉक्टर्स को लॉकडाउन का वॉयलेशन करने के बाद भी काम करने की इजाजत दी गई।

# जल जीवन मिशन की धीमी प्रगति और पानी के स्त्रोतों को लेकर समिति चिंता जताई



**एजेंसी । नई दिल्ली**

देश के ग्रामीण क्षेत्रों में हर घर पेयजल पहुंचाने के लिए शुरू किए गए जल जीवन मिशन की धीमी प्रगति और जल स्रोतों के भविष्य को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है। संसद की एक स्थायी समिति ने मिशन के विभिन्न पहलुओं का अध्ययन कर मिशन की अवधि बढ़ाने, जल की गुणवत्ता और उपलब्धता को लेकर अपनी चिंता जताई है। समिति का मानना है कि जिन जल स्रोतों के जरिए जलापूर्ति की जा रही है, भविष्य में उनकी स्थिति स्पष्ट होनी चाहिए।

### वर्ष 2019 में हुई शुरुआत

वर्ष 2019 में शुरू किए गए जल जीवन मिशन के तहत पांच साल यानी 2024 तक देश के ग्रामीण क्षेत्रों में हर घर तक पेयजल पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया था। इसके तहत हर घर को 55 लीटर प्रति दिन पीने योग्य पानी उपलब्ध कराया जाना है। अभी तक के आंकड़ों के अनुसार, लगभग 79 फीसद ग्रामीण परिवारों तक जल जीवन मिशन के तहत पेयजल की आपूर्ति की जा रही है, लेकिन अभी भी 20 फीसद घरों तक आपूर्ति की जानी बाकी है, जबकि मिशन का समय समाप्त हो चुका है और इसे दो साल और बढ़ाया गया है। हालांकि शत प्रतिशत सफलता मिलने में तीन साल का समय लग सकता है। यानी 2027 तक ही मिशन अपनी पूर्णता हासिल कर सकता है। समिति ने सरकार को सुझाव दिया कि वह डार्क ब्लॉक यानी जल की कमी वाले क्षेत्रों की पहचान करे। मिशन के पहले पांच वर्षों में 52 फीसद भूजल और 48 फीसद सतही स्रोतों पर 78 फीसद कवरेज हासिल कर लिया गया है। भूजल पर निर्भरता में कमी और सतत आधार पर अधिक सतही जल की उपलब्धता ग्रामीण क्षेत्रों में जल पूर्ति की निरंतरता सुनिश्चित करने की दिशा में एक बड़ी उपलब्धि है।

## रेखा गुप्ता ने पीएम मोदी से की मुलाकात



**एजेंसी । नई दिल्ली**

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। प्रधानमंत्री कार्यालय ने मुलाकात की तस्वीरें जारी की हैं। पहली बार विधायक बनीं गुप्ता ने बृहस्पतिवार को रामलीला मैदान में एक भव्य समारोह में छह मंत्रियों के साथ शपथ ली थी। राष्ट्रीय राजधानी में भाजपा 27 साल के बाद सत्ता में आई है। इस मुलाकात के बाद पीएम नरेंद्र मोदी के साथ तस्वीरों को सीएम रेखा गुप्ता ने सोशल मीडिया पर शेयर भी किया।